श्रावण शुक्ल - 1 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 25 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » गुरुवार » 17-08-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत



தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

3 स्टालिन शिक्षा को संविधान की राज्य सूची में स्थानांतरित करने के पक्ष में

5 जसप्रीत बुमराह ने 11 महीने बाद भारतीय नेट्स पर गेंदबाजी की

6 लालकिले से प्रधानमंत्री के मन की बात

## फर्स्ट टेक

### नूंह हिंसाः बिट्टू बजरंगी को पुलिस हिरासत में भेजा गया

**गुरुग्राम/नूंह (हरियाणा)/भाषा।** हरियाणा में नूंह की एक अदालत ने 'गौ रक्षक' बिट्टू बजरंगी को जिले में भड़की सांप्रदायिक हिंसा के सिलसिले में बुधवार को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने कहा है कि उसके साथियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। 31 जनवरी को जिले में हिंसा भड़क गई थी। पुलिस के मुताबिक, सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ऊषा कुंडू की शिकायत पर नूंह के सदर थाने में बजरंगी उर्फ राज कुमार के खिलाफ नई प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसके बाद उसे मंगलवार को फरीदाबाद से गिरफ्तार कर लिया गया।

### चेक गणराज्य ने अमेरिकी सैनिकों की तैनाती संबंधी समझौते को अंतिम रूप दिया

**प्राग/एपी।** चेक गणराज्य ने बुधवार को अमेरिका के साथ एक रक्षा संधि को अंतिम रूप दिया, जो सैन्य सहयोग को गहरा करेगी और चेक क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती को आसान बनाएगी। चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला का हस्ताक्षर रक्षा सहयोग समझौते की प्रक्रिया का अंतिम चरण था, जिसका जुलाई में संसद के दोनों सदनों और एक अगस्त को राष्ट्रपति पेट्र पावेल ने अनुमोदन किया था। यह संधि देश में अमेरिकी सैनिकों की संभावित तैनाती के लिए एक कानूनी ढांचा निर्धारित करती है। यह समझौता ऐसे समय में अंतिम रूप ले रहा है, जब रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। चेक गणराज्य के रक्षा मंत्री जे. सेर्नोचोवा ने 23 मई को वाशिंगटन में अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ संधि पर हस्ताक्षर किए थे। अमेरिका का 24 अन्य नाटो सदस्यों के साथ भी इसी तरह का समझौता है।

### रूस ने फिर किया यूक्रेन के अनाज गोदाम पर हमला

**कीव/एपी।** रूस ने यूक्रेन के दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र में अनाज गोदामों को निशाना बना कर एक बार फिर हमला किया है। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीती रात ड्रोन के जरिये डेन्यूब नदी के किनारे स्थित बंदरगाहों और उन अनाज गोदामों को निशाना बनाया गया, जिनका उपयोग यूक्रेन, यूरोप को अनाज भेजने के लिए कर रहा है। काला सागर के रास्ते युद्धकालीन निर्यात से जुड़े एक प्रमुख समझौते को रूस द्वारा तोड़े जाने के बाद यूक्रेन ने इन बंदरगाहों का उपयोग बढ़ाया है। इस बीच, 17 महीने पहले शुरू हुए रूसी आक्रमण के बाद से ओडेसा के बंदरगाह पर फंसा हुआ एक कंटेनर जहाज रवाना हो गया।

सूर्यास्त 17-08-2023 6:29 बजे | सूर्योदय 18-08-2023 5:56 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 65,539.42 | 19,465.00 |
| (+137.50) | (+30.45) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,127 रु. | 76,200 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### फ्लाइंग किश

बचकानी बातें कर-करके,
ना करें सदन मर्यादा ढिश।
सच बता रहा विडियो सबको,
ना फ्लाइंग थी ना ही था किश।
कटुताएं त्यागें भीतर की,
तज दें अपने मन की रंजिश।
पद कद का करें खयाल जरा,
सब करें प्यार से सबको विश।।

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा पहल हमारे पारंपरिक कारीगरों, शिल्पकारों का सम्मान : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 'पीएम विश्वकर्मा' योजना को मंजूरी दिए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि इस पहल के जरिए ग्रामीण और शहरी भारत के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों का सम्मान किया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को पांच साल की अवधि के लिए 13,000 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ 'पीएम विश्वकर्मा' योजना को मंजूरी दे दी, जिससे बुनकरों, सुनार, लोहार, धोबी और नाइयों सहित पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लगभग 30 लाख परिवारों को लाभ होगा।

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में यह फैसला किया गया।



मोदी ने कहा, हमारे देश के कौशल और सांस्कृतिक विविधता को आत्मसात करते हुए, पीएम विश्वकर्मा पहल ग्रामीण और शहरी भारत दोनों के हमारे पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों का सम्मान करेगी। उन्होंने कहा, कालातीत गुरु-शिष्य परंपरा का सम्मान करते हुए, यह हमारे विश्वकर्मा के प्रयासों को बढ़ाएगी, उन्हें आधुनिक मूल्य शृंखलाओं से जोड़ेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके अमूल्य कौशल को संरक्षित करेगी।


### रेलवे में बुनियादी ढांचे के उन्नयन पर कैबिनेट के फैसले से यात्रा में आसानी होगी

नई दिल्ली/वार्ता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भारतीय रेलवे की सात मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंत्रिमंडल की मंजूरी की सराहना करते हुए कहा कि बुनियादी ढांचे के उन्नयन से संबंधित निर्णय मार्गों पर भीड़ कम करेगा, यात्रा में आसानी बढ़ाएगा। साथ ही पर्यावरण के अनुकूल माल ढुलाई क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने लगभग 32,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से भारतीय रेलवे की सात मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी।

मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यह रेलवे क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के उन्नयन से संबंधित कैबिनेट का एक महत्वपूर्ण निर्णय है। यह मार्गों की भीड़ को कम करेगा, यात्रा को आसान बनाएगा और पर्यावरण के अनुकूल माल ढुलाई क्षमता को बढ़ावा देगा। यह रोजगार के कई अवसर भी सुनिश्चित करेगा। प्रधानमंत्री ने 'पीएम-ईबस सेवा' योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी की भी सराहना की। इसके तहत सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर 169 शहरों को 10,000 इलेक्ट्रिक बसें प्रदान की जाएंगी।

# चांद के और करीब पहुंचा चंद्रयान-3

## प्रणोदन और लैंडर मॉड्यूल को अलग करने की तैयारी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** भारत के महत्वाकांक्षी तीसरे चंद्रमा मिशन के तहत चंद्रयान-3 बुधवार को, पृथ्वी के इकलौते उपग्रह की पांचवी और अंतिम कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश कर गया, तथा चंद्रमा की सतह के और भी करीब आ गया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि इसके साथ ही चंद्रयान-3 ने चंद्रमा तक पहुंचने की अपनी प्रक्रिया पूरी कर ली है और अब यह प्रणोदन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल को अलग करने की तैयारी करेगा।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने ट्वीट किया, आज की सफल प्रक्रिया संक्षिप्त अवधि के लिए आवश्यक थी। इसके तहत चंद्रमा की 153 किलोमीटर 163 किलोमीटर की कक्षा में चंद्रयान-3 स्थापित हो गया, जिसका हमने अनुमान किया था। इसके साथ ही चंद्रमा की सीमा में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी हो गई। अब प्रणोदन मॉड्यूल और लैंडर अलग होने के लिए तैयार हैं।

इसरो ने कहा कि 17 अगस्त को चंद्रयान-3 के प्रणोदन मॉड्यूल से लैंडर मॉड्यूल को अलग करने की योजना है।

14 जुलाई को प्रक्षेपण के बाद चंद्रयान-3 ने पांच अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया, जिसके बाद इसने छह, नौ और 14 अगस्त को चंद्रमा की अगली कक्षाओं में प्रवेश किया तथा उसके और निकट पहुंचता गया।

चंद्रयान-3 को चंद्रमा के ध्रुवों पर स्थापित करने का अभियान आगे बढ़ रहा है। इसरो चंद्रयान-3 को चंद्रमा की कक्षा में पहुंचाने का प्रयास कर रहा है और चंद्रमा से उसकी दूरी धीरे-धीरे कम होती जा रही है। चंद्रयान-3 के 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग करने की उम्मीद है।

## मुलाकात



अमेरिकी कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की।

### क्रिकेट विश्व कप की ट्रॉफी लायी गयी ताजमहल

**आगरा/वार्ता।** आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 की ट्रॉफी बुधवार को ताजमहल पहुंची और यहां पर ट्रॉफी को रखकर वीडियो शूट किये गये। पांच अक्टूबर से क्रिकेट वर्ल्ड कप का आयोजन भारत में होने जा रहा है। क्रिकेट के सबसे बड़े आयोजन से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने प्रमोशन की तैयारी शुरू कर दी है। आयोजन में अब 50 दिन से कम का समय रह गया है। ऐसे में इसके प्रमोशन को लेकर भी तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे ताजमहल में कुछ लोग हाथ में चमचमाती ट्राफी लेकर पहुंचे। इस ट्रॉफी को ताजमहल के वीडियो शूट प्लेटफॉर्म पर रख दिया गया। ताजमहल में आईसीसी विश्व कप 2023 की चमचमाती ट्रॉफी देखते ही लोगों में उत्सुकता फैल गयी। करीब एक घंटे तक ट्राफी को लेकर शूट चला। ताजमहल के संरक्षण सहायक प्रिंस वाजपेयी ने बताया कि आईसीसी की ओर से उनसे ट्रॉफी के शूट को लेकर अनुमति मांगी गयी थी।

## कृष्ण जन्मभूमि के निकट अवैध निर्माणः

# न्यायालय ने दस दिन के लिए ध्वस्तीकरण अभियान रोका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के निकट बने कथित अवैध निर्माण को ढहाने के रेलवे के अभियान पर दस दिन के लिए रोक लगा दी है।



उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी की पीठ ने इस मामले में केन्द्र तथा अन्य को नोटिस जारी किया।

पीठ ने कहा, परिसर के संबंध में दस दिन के लिए यथास्थिति बनी रहने दी जाए। एक सप्ताह बाद के लिए सूचीबद्ध करें।

याचिकाकर्ता याकूब शाह की ओर से पेश वकील ने पीठ को बताया कि सौ मकान गिरा दिए गए हैं। उन्होंने कहा, 70-80 मकान बचे हैं। हर चीज निष्फल हो जाएगी। अभियान ऐसे दिन चलाया गया जब उत्तर प्रदेश में अदालतें बंद थीं।

यह मामला कृष्ण जन्मभूमि के निकट बने मकानों के ध्वस्तीकरण से संबद्ध है।

इससे पहले शीर्ष अदालत ने 14 अगस्त को उत्तर प्रदेश के मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के निकट रेलवे के अतिक्रमण-रोधी अभियान से प्रभावित हुए लोगों को इस कदम को चुनौती देने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख करने की छूट दी।

मामले का संक्षिप्त उल्लेख करते हुए एक वकील ने कहा था, यह विषय उत्तर प्रदेश में कृष्ण जन्मभूमि के निकट बस्तियों को ध्वस्त करने से संबद्ध है। वे वहां उन्नीसवीं सदी से हैं...ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने के लिए एक वाद लंबित है।

### बोइंग ने भारतीय सेना के लिए अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन शुरू किया

**नई दिल्ली/भाषा।** रक्षा विनिर्माण क्षेत्र की प्रमुख अमेरिकी कंपनी बोइंग ने बुधवार को कहा कि उसने भारतीय सेना को दिए जाने वाले अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन शुरू कर दिया है। कंपनी कुल छह एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टर भारतीय सेना को सौंपेगी। एएच-64 अपाचे दुनिया के सबसे उन्नत बहुउद्देश्यीय लड़ाकू हेलीकाप्टरों में से एक है। कंपनी ने कहा, बोइंग ने भारतीय सेना को सौंपे जाने वाले अपाचे हेलीकॉप्टर का उत्पादन एरीजोना के मेसा में शुरू कर दिया है। बोइंग इंडिया के अध्यक्ष सलील गुप्ते ने कहा कि भारत की रक्षा क्षमताओं का समर्थन करते हुए बोइंग एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने पर बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा, एएच-64 की उन्नत तकनीक और प्रमाणित प्रदर्शन, भारतीय सेना की परिचालन तैयारियों और उसकी रक्षा क्षमताओं को और मजबूत बनाने में मदद करेगा।

# भाजपा के साथ नहीं करेंगे गठबंधन : शरद पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**औरंगाबाद (महाराष्ट्र)/वार्ता।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार को कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन नहीं करेंगे और इसके बजाय 2024 में प्रस्तावित लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देश में बदलाव लाने की दिशा में काम करेंगे।

उन्होंने उन अटकलों को खारिज करने की कोशिश की कि कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) उनके नेतृत्व वाले राकांपा के गुट के बिना 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए 'प्लान बी' पर काम कर रहे हैं। कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (शरद पवार गुट)



विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के घटक दल हैं।

शरद पवार ने महाराष्ट्र के बीड जिले में बृहस्पतिवार को होने वाली अपनी जनसभा से पहले संवाददाताओं से कहा, ''प्लान बी' (कांग्रेस और शिवसेना-यूबीटी द्वारा मिलकर चुनाव लड़ने की) की खबर गलत है। ऐसी कोई योजना नहीं बनाई जा रही है। अगले साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के दौरान बदलाव की जरूरत है और इसलिए हम इसकी तैयारी कर रहे हैं।''

भाजपा के साथ गठबंधन करने वाले उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ पुणे में पिछले सप्ताह हुई अपनी मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा, ''वह मेरे परिवार के सदस्य हैं। यदि हमारे परिवार में किसी समारोह की योजना बनाई जाती है, तो स्वाभाविक रूप से उस समय मुझसे परामर्श किया जाएगा।'' राकांपा अध्यक्ष ने कहा, ''मैं भाजपा के साथ नहीं जाऊंगा। देश में लोगों के बीच फैली अशांति को दूर करने के लिए हमें 2024 में बदलाव लाना होगा। हम इस बदलाव को लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।'' पुणे में व्यवसायी अतुल चोरडिया के आवास पर 12 अगस्त को राकांपा संस्थापक और अजित पवार के बीच हुई बैठक को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थी।

# अगर लोगों को समय पर न्याय ना मिले तो सुशासन जैसे शब्द अर्थहीन हैं : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि 'समाज में हम सुशासन, लोकतंत्र जैसे शब्दों को सुनते हैं लेकिन यदि समयबद्ध तरीके से लोगों को न्याय नहीं मिल पाता है या न्याय सुगम और सस्ता नहीं है तो फिर यह सभी शब्द बेकार हो जाते हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान के पहले शिक्षण सत्र 2023-2024 के छात्रों से संवाद के दौरान उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा, यदि लोगों को समयबद्ध न्याय नहीं मिल पाता है या न्याय सुगम व सस्ता नहीं है तो फिर समाज में सुशासन और लोकतंत्र जैसे शब्द बेकार हो जाते हैं। यदि आम जनमानस संवैधानिक संस्थाओं और प्रशासनिक व्यवस्था पर विश्वास नहीं करते हैं तो इन शब्दों के कोई मायने नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान की स्थापना की है और बेहतर सुविधाओं के लिए शीर्ष फॉरेंसिक संस्थानों के साथ सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर कर रही है। मुख्यमंत्री योगी ने छात्रों से कहा, हमें वर्तमान में अपराध की प्रकृति को समझने, समाज को क्या चाहिए यह जानने की जरूरत है और इसलिए हमें इसके अनुरूप खुद को तैयार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, यह प्रसन्नता का विषय है कि आज पांच पाठ्यक्रमों के साथ पहला बैच शुरू हो रहा है। गृह विभाग के साथ ही संस्थान से जुड़े लोगों को इसे विश्व स्तरीय संस्थान के रूप में स्थापित करना है।

# ईशनिंदा के आरोपों पर पाकिस्तान के गिरजाघरों में तोड़फोड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लाहौर (पाकिस्तान)/भाषा।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में ईशनिंदा के आरोपों में बुधवार को कई गिरजाघरों में तोड़फोड़ की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

'डॉन डॉट कॉम' ने जरानवाला तहसील के पादरी इमरान भट्टी के हवाले से बताया कि फैसलाबाद के जरानवाला जिले के ईसा नगरी इलाके में स्थित साल्वेशन आर्मी चर्च, यूनाइटेड प्रेस्बिटेरियन चर्च, एलाइड फाउंडेशन चर्च और शहरूनवाला चर्च में तोड़फोड़ की गई।

भट्टी ने कहा कि ईशनिंदा के आरोपी ईसाई सफाईकर्मी का घर भी ढहा दिया गया।

पंजाब पुलिस प्रमुख उस्मान अनवर ने कहा कि पुलिस प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर रही है और इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

'डॉन डॉट कॉम' ने अनवर के हवाले से कहा, (क्षेत्र में) संकरी गलियां हैं जिनमें दो से तीन छोटे मरला गिरजाघर स्थित हैं और एक मुख्य चर्च है... उन्होंने गिरजाघर के कुछ हिस्सों में तोड़फोड़ की है।

अधिकारी ने कहा कि शांति समितियों के साथ मिलकर स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं और पूरे प्रांत में पुलिस को सक्रिय कर दिया गया है।



अनवर ने कहा, इलाके के सहायक आयुक्त ईसाई समुदाय के सदस्य हैं और उन्हें भी लोगों के विरोध के बाद वहां से हटा दिया गया है।

ईसाई नेताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस मूकदर्शक बनी रही। चर्च ऑफ पाकिस्तान के अध्यक्ष बिशप आजाद मार्शल ने कहा कि बाइबिल का अपमान किया गया और ईसाइयों पर पवित्र कुरान का उल्लंघन करने का झूठा आरोप लगाया गया तथा उन्हें प्रताड़ित किया गया। उन्होंने 'एक्स' (पूर्व में ट्वीटर) पर एक बयान पोस्ट कर कहा, हम कानून प्रवर्तन और न्याय देने वालों से न्याय और कार्रवाई की मांग करते हैं और सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए तुरंत हस्तक्षेप की मांग करते हैं। हम चाहते हैं कि हमें इस बात का यकीन दिलाया जाए कि हमारी अपनी मातृभूमि में हमारा जीवन मूल्यवान है, जहां अभी-अभी स्वतंत्रता और आजादी का जश्न मनाया है।

बिशप मार्शल ने कहा कि सभी पादरी, बिशप और आम लोग इस घटना से बेहद दुखी और व्यथित हैं। पूर्व सीनेटर अफरासियाब खटक ने घटना की निंदा की और मांग की कि दोषियों को सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, पाकिस्तानी राज्य इस्लाम के अलावा अन्य धर्मों को मानने वाले लोगों के पूजा स्थलों को सुरक्षा प्रदान करने में विफल रहा है। धर्म के नाम पर किए गए अपराधों के लिए छूट ने चरमपंथियों और आतंकवादियों को प्रोत्साहित किया है।

पाकिस्तान में ईसाइयों और हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों पर अक्सर ईशनिंदा के आरोप लगाए जाते रहे हैं और कुछ पर कठोर ईशनिंदा कानून के तहत मुकदमा चलाया गया और उन्हें सजा भी दी गई है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक 'तुलसी भाई' का भारत में किया स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक डॉक्टर टेड्रोस अदनोम घेब्रेयेसस का भारत में स्वागत किया और उन्हें 'तुलसी भाई' कहकर संबोधित किया।

टेड्रोस पारंपरिक चिकित्सा पर गुजरात के गांधीनगर में आयोजित होने वाले डब्ल्यूएचओ वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए गांधीनगर पहुंचे हैं। आयुष मंत्रालय ने सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' (पूर्व में ट्वीटर) पर एक वीडियो साझा किया और टेड्रोस का सम्मेलन में स्वागत किया। इस वीडियो में वह गुजराती नृत्य डांडिया करते दिख रहे हैं।

इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मोदी ने कहा मेरे अच्छे मित्र तुलसी भाई नवरात्र उत्सव में शामिल होने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं! डॉ. टेड्रोस, भारत में आपका स्वागत है। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2022 में वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार सम्मेलन के दौरान डब्ल्यूएचओ महानिदेशक को यह नाम दिया था। डब्ल्यूएचओ वैश्विक शिखर सम्मेलन 17-18 अगस्त को गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है। इसकी मेजबानी केंद्रीय आयुष मंत्रालय कर रहा है। यह सम्मेलन क्षेत्र में नवीनतम वैज्ञानिक प्रगति का पता लगाने के वास्ते विशेषज्ञों के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।

## प्रधानमंत्री ने पारसी नववर्ष पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को पारसी नववर्ष 'नवरोज' के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और सब के बेहतर स्वास्थ्य व समृद्धि की कामना की। नवरोज पारसी नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, नवरोज मुबारक। पारसी नववर्ष के विशेष मौके पर ढेर सारी शुभकामनाएं। भारत पारसी समुदाय की संस्कृति व उनकी परंपराओं पर गौरव करता है। इस समुदाय ने राष्ट्रीय प्रगति को समृद्ध किया है। मैं कामना करता हूं कि आने वाला वर्ष उल्लास, बेहतर स्वास्थ्य और समृद्धि से भरा हो।

पारसी नव वर्ष को नवरोज भी कहा जाता है। पारसी भाषा में नव का मतलब नया और रोज का मतलब दिन होता है, इसलिए नवरोज को नया दिन कहा जाता है। इस दिन से नए पारसी कैलेंडर की शुरुआत की जाती है।

# मंत्रिमंडल ने भारतीय रेलवे की सात मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को भारतीय रेलवे की सात मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान कर दी। इस पर करीब 32,500 करोड़ रुपए का खर्च आएगा और रेलवे के वर्तमान नेटवर्क में 2339 किलोमीटर जोड़ा जा सकेगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित परियोजनाएं पूरी तरह से केंद्र पोषित होंगी और इससे भारतीय रेलवे की वर्तमान रेल लाइन क्षमता को बढ़ाने, ट्रेन परिचालन को सुगम बनाने, भीड़भाड़ को कम करने तथा यात्रा को आसान बनाने में मदद मिलेगी। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होंगे।

देश के नौ राज्यों के 35 शहरों से जुड़ी इस परियोजना से रेलवे के वर्तमान नेटवर्क में 2339 किलोमीटर जोड़ा जा सकेगा। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, बिहार, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

इस प्रस्तावित परियोजना में गोरखपुर कैंट- वाल्मीकिनगर, सोननगर-अंदल मल्टी ट्रैकिंग परियोजना के दोहरीकरण, नेरगुंडी-बारंग, खुर्दा रोड-विजयानगरम और मुदखेड-मेदचाल के बीच तीसरी लाइन तथा गुंटूर- बीबीनगर तथा चोपन-चुनार के बीच वर्तमान लाइन का दोहरीकरण शामिल है।

वैष्णव ने कहा कि ये रेल मार्ग खाद्यान्न, उर्वरक, कोयला, सीमेंट, लोहा, तैयार इस्पात, कच्चा तेल, खाद्य तेल, चूना पत्थर जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने कहा कि इन क्षमता उन्नयन कार्यों के परिणामस्वरूप 20 करोड़ टन प्रति वर्ष माल यातायात अतिरिक्त जोड़ा जा सकेगा। ये परियोजनाएं बहुस्तरीय सम्पर्क को बढ़ावा देने के लिए पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान से जुड़ी हैं।



# मदमहेश्वर से अब तक 122 श्रद्धालुओं को निकाल सुरक्षित स्थान पहुंचाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रूद्रप्रयाग/भाषा।** उत्तराखंड के मदमहेश्वर धाम में भारी बारिश के कारण पुल बहने से वहां फंस गए श्रद्धालुओं को बाहर निकालने का काम बुधवार को फिर शुरू हो गया और हैलीकॉप्टर के जरिए सुबह से 70 और श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। एक अधिकारी ने बताया कि अब तक 122 लोगों को मदमहेश्वर से सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है। इससे पहले, मंगलवार शाम तक 52 श्रद्धालुओं को बाहर निकाला गया था।

सोमवार सुबह अतिवृष्टि के कारण 11,473 फुट की उंचाई पर स्थित मदमहेश्वर पैदल मार्ग पर बणतोली में गौंडार पुल टूटने तथा वहां पहुंचने वाले मार्ग का एक हिस्सा ध्वस्त होने से वहां 225 . 250 श्रद्धालु फंस गए थे। उखीमठ के उपजिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की मदद से मंगलवार पूरे दिन अभियान चलाकर शाम तक 52 श्रद्धालुओं को बाहर निकाल लिया गया था।

नदी का जलस्तर बढ़ा होने तथा वहां पहुंचने वाली सड़क का एक भाग ध्वस्त होने के कारण श्रद्धालुओं को बचाने के अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य के लिए 'रोप रिवर क्रासिंग मेथड' का प्रयोग किया गया।

वर्मा ने कहा कि सुबह मौसम साफ होने पर हैलीकॉप्टर से बचाव अभियान शुरू किया गया और अभी तक 70 और लोगों को वहां से बाहर निकाल लिया है। उन्होंने कहा, अभी तक कुल मिलाकर 122 लोग बाहर निकल चुके हैं जबकि शेष को निकालने का काम जारी है।

स्थिति को नियंत्रण में बताते हुए अधिकारी ने कहा कि प्रशासन ने 150 . 200 किलो राशन मदमहेश्वर मंदिर के पुजारी के पास पहुंचा दिया है जिससे वहां लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि इसके अलावा एक मेडिकल तथा एक पुलिस टीम भी वहां तैनात की गई है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मदमहेश्वर मंदिर से तकरीबन छह.सात किलोमीटर नीचे नानू नामक स्थान पर स्थानीय लोगों व महिलाओं की मदद से वैकल्पिक व अस्थाई हैलीपैड तैयार किया गया ताकि हैलीकॉप्टर के जरिए बचाव कार्य चलाया जा सके।

हैलीपैड तक लोग पैदल पहुंच रहे हैं और वहां से उन्हें हैलीकॉप्टर द्वारा रांसी गांव तक छोड़ा जा रहा है जहां से वे सड़क मार्ग से वापसी कर रहे हैं। पंच केदार में से एक मदमहेश्वर धाम के दर्शन के लिए देश.विदेश से श्रद्धालु आते हैं। धाम के बारे में मान्यता है कि यहां पांडवों ने तपस्या की थी।

# कई लोग मुझे मात देने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उनके सपने साकार नहीं हो पा रहे : शिंदे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**शिंदे ने शिवसेना में हुई बगावत के बाद ठाकरे की सरकार गिरने की ओर इशारा करते हुए कहा कि कुछ लोग मुझे बुलाते हैं राजनीति का ग्रैंडमास्टर**

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने विरोधियों पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि कई लोग पिछले एक साल से उन्हें मात देने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उनके सपने साकार नहीं हो पा रहे।

शिंदे ने शतरंज के दिग्गज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद की मौजूदगी में एक कार्यक्रम को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें जनता का विश्वास हासिल है। शिंदे ने कहा, कई लोग पिछले एक साल से मुझे मात देने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनके सपने साकार नहीं हो पा रहे। विरोधी चाहे अपना पूरा दिमाग खपा लें, लेकिन मुझे जनता का समर्थन और विश्वास हासिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति में व्यक्ति को एक साथ कई लड़ाइयां लड़नी पड़ती हैं, वहीं कुछ लोग ऊंट की चाल (शतरंज में मोहरा) का उपयोग कर तिरछे चलते हैं, कुछ घोड़े और हाथी की चाल का उपयोग करते हुए दूसरे को मात देने का काम करते हैं।

शिंदे ने कहा, आज हम जैसे नेताओं के लिए राजनीतिक विरोधियों से लड़ने के लिए शतरंज खेलना जरूरी हो गया है। उन्होंने अपने नेतृत्व में शिवसेना में हुई बगावत के बाद उद्धव ठाकरे की सरकार गिरने की ओर इशारा करते हुए कहा, पिछले साल हमारी क्रांति के बाद कुछ लोग मुझे राजनीति का ग्रैंडमास्टर बुलाते हैं।

## 'बिट्टू बजरंगी का बजरंग दल से कोई संबंध नहीं'

**नई दिल्ली/भाषा।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने हरियाणा के नूंह जिले में साम्प्रदायिक हिंसा के संबंध में गिरफ्तार गौरक्षक बिट्टू बजरंगी से किसी तरह का संबंध होने से इनकार किया। विहिप ने बयान में कहा, बजरंग दल का कार्यकर्ता बताए जा रहे राज कुमार उर्फ बिट्टू बजरंगी का बजरंग दल से कभी कोई नाता नहीं रहा है। विश्व हिंदू परिषद भी कथित तौर पर उसके द्वारा जारी वीडियो को उचित नहीं मानती। बजरंग दल, विहिप की युवा इकाई है।

पुलिस ने बताया कि बिट्टू बजरंगी को 31 जुलाई को नूंह में भड़की साम्प्रदायिक हिंसा के संबंध में मंगलवार को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) उषा कुंडू की शिकायत के आधार पर बजरंगी तथा 15-20 अन्य लोगों के खिलाफ नूंह के सदर थाने में दर्ज की गई एक नई प्राथमिकी के संबंध में उससे पूछताछ की गई। पुलिस ने बताया कि तावडू के अपराध जांच शाखा के दल ने गोरक्षा बजरंग फोर्स नामक संगठन के अध्यक्ष बजरंगी को फरीदाबाद से हिरासत में लिया था और फिर पूछताछ के लिए ले गए थे।

# हिमाचल के सामने पहाड़ जैसी चुनौती, बुनियादी ढांचा फिर से खड़ा करने में एक वर्ष लगेगा: सुक्खू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को कहा कि इस मानसून के दौरान राज्य में हुई भारी बारिश के कारण तबाह हुए बुनियादी ढांचे को फिर से खड़ा करने में एक वर्ष लग जाएगा। सुक्खू ने कहा कि भारी बारिश के कारण हुआ अनुमानित नुकसान 10 हजार करोड़ रुपए है।

इस सप्ताह राज्य में बारिश के चलते भूस्खलन की घटनाएं हुईं, जिनके चलते सड़कें बंद हो गईं और घर ढह गए। लगभग 60 लोगों की मौत हो गई तथा कुछ और लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। इससे पहले जुलाई में भी राज्य में भारी बारिश हुई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों और जल परियोजनाओं के पुनर्निर्माण में समय लगता है। लेकिन सरकार इस प्रक्रिया में तेजी ला रही है। उन्होंने कहा, हमें एक वर्ष में बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से बहाल करना होगा। मैं इसी को ध्यान में रखकर काम कर रहा हूं। यह एक बड़ी चुनौती है, पहाड़ जैसी चुनौती है। लेकिन हम पीछे हटने वाले नहीं हैं। सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार चार वर्ष में हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर और 10 वर्ष में देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने के अपने दृष्टिकोण के तहत काम करती रहेगी। उन्होंने कहा, लेकिन इस त्रासदी से उभरने में हमें एक वर्ष लग जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर में 'थोपी गई प्रशासनिक व्यवस्था' : नेशनल कॉन्फ्रेंस

**श्रीनगर/भाषा।** नेशनल कॉन्फ्रेंस ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर पिछले कुछ वर्षों से एक निर्वाचित सरकार से वंचित है और वहां एक थोपे गए नौकरशाही तंत्र द्वारा शासन किया जा रहा है, जिसे लोगों की भावनाओं के बारे में कोई समझ नहीं है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रदेश प्रवक्ता इमरान नबी डार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में जम्मू-कश्मीर के बारे में बात नहीं की।

डार ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में आरोप लगाया, यह पांचवां वर्ष है, जब जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार नहीं है। हम पर नौकरशाहों द्वारा शासन किया जा रहा है, हम पर एक थोपी गई नौकरशाही व्यवस्था द्वारा शासन किया जा रहा है, उन लोगों द्वारा शासन किया जा रहा है जिन्हें कश्मीर की जमीनी स्थिति और लोगों की भावनाओं के बारे में कोई समझ नहीं है।

# वाजपेयी ने सुशासन के नए युग की शुरुआत की थी : मुख्यमंत्री चौहान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को भाजपा के कद्दावर नेता अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने सुशासन के एक नए युग की शुरुआत की और उनका जीवन राष्ट्रहित के लिए समर्पित था। वाजपेयी का 2018 में 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

चौहान के साथ मध्य प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश के मंत्रियों और विधायकों ने भोपाल में शौर्य स्मारक चौराहे पर स्थित वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। चौहान ने एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर पोस्ट में कहा, नए भारत के शिल्पी और सुशासन के प्रणेता श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। अटल जी प्रतिपल भारत की भूमि तथा जनता के हृदय में स्पंदित हैं। उनके व्यक्तित्व की ओजस्विता, साहित्यिक प्रस्फुटन तथा दूरगामी दृष्टि अभूतपूर्व है। वह सदैव हमें जनकल्याण के मार्ग पर निर्बाध रूप से चलने की प्रेरणा देते रहेंगे। सुबह मप्र भाजपा नेताओं ने राज्य पार्टी कार्यालय में वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी और पार्टी और राष्ट्र के लिए उनके योगदान को याद किया। वाजपेयी को भाजपा को लोकप्रिय बनाने और छह साल तक सफलतापूर्वक गठबंधन सरकार चलाने का श्रेय दिया जाता है।



## न्यायालय ने अनुचित लैंगिक शब्दों पर लगाम लगाने के लिए हैंडबुक जारी की

**नई दिल्ली/भाषा।** छेड़छाड़, वेश्या और हाउस वाइफ जैसे शब्द जल्द ही कानूनी शब्दावली से बाहर हो सकते हैं और इसकी जगह सड़क पर यौन उत्पीड़न, यौनकर्मी और गृह स्वामिनी (होममेकर) जैसे शब्द ले सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को एक पुस्तिका का विमोचन किया जिसमें अनुचित लैंगिक शब्दों की शब्दावली है और इनकी जगह वैकल्पिक शब्द तथा वाक्यांश सुझाए गए हैं जिनका उपयोग किया जा सकता है। जैसे ही प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की पीठ पूर्ववर्ती राज्य जम्मू - कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बहस सुनने के लिए बैठी, सीजेआई ने पुस्तिका के विमोचन की घोषणा की। उन्होंने कहा, यह न्यायाधीशों और कानूनी समुदाय को कानूनी चर्चा में महिलाओं के बारे में रूढ़िवादी सोच को पहचानने, समझने और बदलने में सहायता करने के लिए है।

प्रेस विज्ञप्ति में, शीर्ष अदालत ने कहा कि 'हैंडबुक ऑन कॉम्बैटिंग जेंडर स्टीरियोटाइप्स' का उद्देश्य न्यायाधीशों और कानूनी समुदाय के सदस्यों को महिलाओं के बारे में हानिकारक रूढ़िवादी सोच को पहचानने, समझने और उसका प्रतिकार करने के लिए सशक्त बनाना है। विज्ञप्ति में कहा गया, पुस्तिका में लैंगिग रूप से अनुचित शब्दों की एक शब्दावली दी गई है और दलीलों, आदेशों और निर्णयों सहित कानूनी दस्तावेजों में उपयोग के लिए उनके वैकल्पिक शब्द और प्रस्तावित वाक्यांश दिए गए हैं। संकलन महिलाओं के बारे में आम रूढ़िवादी सोच की पहचान करता है और इन रूढ़िवादी अशुद्धियों को प्रदर्शित करता है।

# केरल सरकार राज्य के गरीब परिवारों, कल्याणकारी संस्थाओं को मुफ्त ओणम किट प्रदान करेगी




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल सरकार ने इस बुधवार को राज्य के गरीब परिवारों और कल्याणकारी संस्थानों के लोगों को छह लाख से अधिक मुफ्त ओणम किट प्रदान करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बयान के मुताबिक, बैठक में यह निर्णय लिया गया कि राशन की दुकानों के माध्यम से वितरित की जाने वाली किट के लिए सामान खरीदने के वास्ते राज्य संचालित एजेंसी सप्लाईको को अग्रिम रूप से 32 करोड़ रुपए आवंटित किए जाएंगे। इससे पहले जुलाई में, राज्य के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने संकेत दिया था कि केरल सरकार, जो वित्तीय संकट का सामना कर रही है, आगामी ओणम के सीजन के दौरान संभवत: सभी श्रेणियों के राशन कार्डधारकों को आवश्यक खाद्य पदार्थों से युक्त मुफ्त किट वितरित नहीं करेगी।

कोविड-19 महामारी और उसके बाद पिछले साल ओणम त्योहार के दौरान सभी राशन कार्डधारकों को 14 वस्तुओं वाली मुफ्त ओणम खाद्य किट वितरित की गई थी। विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि कैबिनेट ने वकील के. वी. मनोज कुमार को केरल बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष के रूप में फिर से नियुक्त करने का फैसला किया है।

## खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ने का सर्वाधिक असर शहरी गरीबों पर पड़ा: क्रिसिल

**मुंबई/भाषा।** घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने बुधवार को कहा कि जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति के 15 महीनों के उच्च स्तर पर पहुंचने की सर्वाधिक मार शहरी गरीबों पर पड़ी है। क्रिसिल की बाजार आसूचना एवं विश्लेषण इकाई ने एक टिप्पणी में कहा कि शहरी क्षेत्रों के उच्च आय वर्ग पर बढ़ी हुई मुद्रास्फीति का सबसे कम असर देखा गया। इसकी वजह यह है कि उच्च आय वर्ग की खपत वाले उत्पादों में खाद्य उत्पादों की हिस्सेदारी तुलनात्मक रूप से कम होती है। हाल ही में जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 7.44% पर पहुंच गई जो कि पिछले 15 महीनों का उच्चतम स्तर है।

इस संबंध में जारी क्रिसिल की रिपोर्ट कहती है, अन्य आय वर्गों की तुलना में सबसे गरीब लोगों पर बढ़ी हुई मुद्रास्फीति की सर्वाधिक मार पड़ी। खाद्य मुद्रास्फीति में हुई तीव्र वृद्धि से ऐसा हुआ। शहरी इलाके के गरीब तबके पर इसका सबसे अधिक असर देखा गया।

क्रिसिल ने इस आकलन के लिए राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) से मिले आंकड़ों का इस्तेमाल करने के साथ तीन आय वर्गों के व्यय खंडों की भी गणना की। रिपोर्ट कहती है कि शहरी इलाकों में निचले 20% आय समूह के लिए जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति 8.5% रही जबकि ग्रामीण इलाकों में यह 7.9% पर रही। जून में इन दोनों श्रेणियों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति क्रमश: 4.9% एवं 4.7% थी।

# खरगे और राहुल की दिल्ली के कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक, लोस चुनाव की तैयारियों पर हुई चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को पार्टी की दिल्ली इकाई के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की जिसमें अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गई। सूत्रों का कहना है कि इस बैठक में खरगे और राहुल गांधी ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं के बीच एकजुटता की जरूरत पर जोर दिया।

आगामी लोकसभा चुनाव में पूर्व सांसद संदीप दीक्षित तथा कुछ अन्य नेता आम आदमी पार्टी के साथ संभावित गठबंधन का विरोध कर रहे हैं। हालांकि, पार्टी के अधिकतर नेताओं का कहना है कि पार्टी नेतृत्व का फैसला सभी को स्वीकार्य होगा। दिल्ली में सेवाओं से संबंधित विधेयक के मुद्दे पर कांग्रेस ने पिछले दिनों संसद के मानसून सत्र में दोनों सदनों में आम आदमी पार्टी का समर्थन किया था जबकि संदीप दीक्षित और अजय माकन जैसे कई नेताओं की राय इस मुद्दे पर अलग थी। बैठक में संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, पार्टी के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार, वरिष्ठ नेता अजय माकन, जयप्रकाश अग्रवाल और कई अन्य नेता मौजूद थे।

खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र, आज दिल्ली कांग्रेस के नेताओं के साथ मंत्रणा हुई। दिल्ली प्रदेश का नवसंचार हमारी प्राथमिकता है, जिसमें सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं की सहभागिता ज़रूरी है। हमने दिल्ली को समृद्ध और ख़ुशहाल बनाया था, आगे भी दिल्ली के लोगों के लिए हमारा संघर्ष जारी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सात सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया था। हालांकि त्रिकोणीय मुकाबले में मत प्रतिशत के लिहाज से कांग्रेस भाजपा के बाद दूसरे स्थान पर रही थी।

तिरंगा — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर के प्रसिद्ध ईशा योग फाउन्डेशन आश्रम परिसर में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बड़ी संख्या की उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने तिरंगा लहराकर देश को स्वस्थ रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक के लिए ही देश प्रथम और सर्वोत्तम है।

# दक्षिण रेलवे ने 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया



**चेन्नई।** यहां के पेरम्बूर के रेलवे स्टेडियम में दक्षिण रेलवे ने देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया । दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक आरएन सिंह ने आरपीएफ के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त जीएमईश्वर राव की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और महिला प्लाटून और सेंट जॉन्स एम्बुलेंस ब्रिगेड सहित आरपीएफ की टुकड़ियों की आरपीएफ परेड की सलामी ली। महाप्रबंधक ने कहा कि भारतीय रेलवे आगे बढ़ रही है आधुनिक विश्व स्तरीय स्टेशन प्रदान करना और अत्याधुनिक वंदे भारत ट्रेनों और अत्याधुनिक रोलिंग स्टॉक की शुरुआत करके यात्रियों की सुविधा बढ़ाना । अपने मुख्य भाषण में दक्षिण रेलवे के प्रदर्शन की सराहना करते हुए, महाप्रबंधक ने ज़ोन के विभिन्न प्रदर्शनों, विशेष रूप से विभिन्न बुनियादी ढांचे, विद्युतीकरण, इंजीनियरिंग और सुरक्षा कार्यों के बारे में संक्षेप में बताया। ध्वजारोहण और मार्च पास्ट के बाद आरपीएफ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, दक्षिणी रेलवे डॉग स्क्वाड द्वारा प्रभावशाली डॉग शो और रेलवे स्कूलों और विशेष बच्चों के लिए आश्रय स्कूल सहित विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शन किया गया।

## स्टालिन कल रामनाथपुरम का दौरा करेंगे, मछुआरों के मुद्दों पर चर्चा करेंगे



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन मछुआरा समुदाय के सामने आने वाले मुद्दों पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार को रामनाथपुरम जिले का दौरा करने वाले हैं।

तमिलनाडु के तटीय इलाकों के मछुआरों को अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा नियमित रूप से गिरफ्तारियों और धमकी और बड़ी कीमत वाली मछली पकड़ने वाली मशीनीकृत नौकाओं को जब्त करने के कारण कठिन स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

रामनाथपुरम के एक मछुआरे आर. मोहम्मद इस्माइल ने आईएएनएस को बताया कि हम उम्मीद कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री स्टालिन केंद्र सरकार के साथ हमारा मुद्दा उठाएंगे और स्थायी समाधान निकालेंगे। श्रीलंकाई नौसेना हमें गिरफ्तार कर लेती है और द्वीप राष्ट्र में ले जाया जाता है। हमें जेल में डाल दिया गया है और हो सकता है कि दो से तीन सप्ताह के बाद हम रिहा हो जाएं। लेकिन हमारी महंगी मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नौकाएं, जो हमारी जीवन रेखा हैं, श्रीलंकाई लोगों द्वारा जब्त कर ली जाती हैं। नावें रिहा नहीं की जाती हैं। हम मुख्यमंत्री चाहते हैं हमारी बात सुनें और इसका समाधान निकालें।

रामनाथपुरम के मछुआरे लगातार मंडपम, थंगाचीमादम और जिले के अन्य उपयुक्त स्थानों पर मछली पकड़ने के बंदरगाह के निर्माण की मांग कर रहे हैं।

# रामेश्वरम में भक्तों ने आदि अमावसई पर किया अनुष्ठान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रामेश्वरम।** आदि अमावसई को पिदुरकर्मा पूजा के नाम से भी जाना जाता है और बुधवार को इसी के अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकट और दूर-दराज से हजारों भक्त पवित्र तीर्थ शहर रामेश्वरम में आए।

यहां शांत अग्नि तीर्थम समुद्र अपने दिवंगत पूर्वजों की शांति की कामना करने वाले भक्तों द्वारा की गई प्रार्थनाओं और भेंटों का गवाह है। आदि अमावसई, हिंदू चंद्र कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण दिन है, इसका अत्यधिक महत्व है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि यह उपवास और विशेष पूजा के माध्यम से पूर्वजों की आत्माओं को शांति प्रदान करता है। कुछ लोग प्रत्येक अमावसई के दिन उपवास रखते हैं, अन्य लोग पवित्र स्थानों की याद में की जाने वाली पूजा और विशिष्ट अवधि के दौरान पवित्र जल में स्नान करने के शुद्धिकरण का विकल्प चुनते हैं। भक्तों का दृढ़ विश्वास है कि थाई और आदि महीनों में माता-पिता, मासी में रिश्तेदारों और शुभ महालय पुरतासी महीने के दौरान सभी प्राणियों को समर्पित पूजा करने से उल्लेखनीय आशीर्वाद मिलता है। आज की आदि अमावसई अपने विशेष महत्व के कारण, जीवन के सभी क्षेत्रों से हिंदुओं को रामेश्वरम की ओर आकर्षित करती है।

ध्वजारोहण — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई के तोंडियारपेट के बाबू जगजीवन राम स्टेडियम में चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ध्वजारोहण पोर्ट के चेयरपर्सन आईपीएस अधिकारी सुनील पालीवाल ने किया। इस मौके पर उन्होंने ट्रस्ट की उपलब्धियां को गिनाया।

## स्टालिन शिक्षा को संविधान की राज्य सूची में स्थानांतरित करने के पक्ष में

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को कहा कि शिक्षा को संविधान की समवर्ती सूची से राज्य सूची में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। फोर्ट सेंट जॉर्ज में तिरंगा फहराने के बाद स्वतंत्रता दिवस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उन सभी विषयों को, जिनका लोगों से सीधा जुड़ाव है, संविधान की राज्य सूची में शामिल किया जाना चाहिए। स्टालिन ने कहा कि केवल अगर शिक्षा को राज्य विषय में स्थानांतरित कर दिया जाता है, तो राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) जैसी योग्यता परीक्षाओं को खत्म किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने शासन के द्रविड़ मॉडल का पालन करके राज्य के विकास पर भी जोर दिया, जो सभी को समान विकास और अवसर प्रदान करता है। स्टालिन ने कवि सुब्रमण्यम भारती सहित राज्य के नायकों की यादें ताजा कीं, जिनके लेखन ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनता को एकजुट करने में मदद की। उन्होंने यह भी कहा कि द्रमुक के तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्रियों सी.एन. अन्नादुराई और कलैग्नार करुणानिधि ने पाकिस्तान के साथ 1971 के युद्ध सहित आपात स्थितियों के दौरान हमेशा केंद्र सरकार का समर्थन किया।

# भारत को मिला पहला 'नाइट स्ट्रीट रेसिंग' सर्किट




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार और रेसिंग प्रमोशंस प्राइवेट लिमिटेड (आरपीपीएल) ने बुधवार को यहां एक नए सर्किट का अनावरण किया जो रात्रिकालीन रेस का आयोजन भी कर पाएगा। राज्य सरकार ने इस परियोजना के लिए आरपीपीएल के साथ साझेदारी की है। आरपीपीएल इंडियन रेसिंग लीग और एफ फोर इंडियन चैंपियनशिप का प्रमोटर भी है। तमिलनाडु के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सर्किट का अनावरण किया। यह ट्रैक साढ़े तीन किमी लंबा है और शहर के बीचों बीच आइलैंड ग्राउंड्स के आसपास बना है। यह भारत और दक्षिण एशिया का पहला 'स्ट्रीट सर्किट' है जो रात्रिकालीन रेस की मेजबानी कर सकता है।

## द्रमुक ने नीट पर प्रतिबंध को लेकर 20 को भूख हड़ताल का आह्वान किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु की सत्तारूढ़ द्रमुक (डीएमके) ने बुधवार को एंटी-नीट बिल पर अपनी सहमति नहीं देने के लिए केंद्र और राज्य के राज्यपाल के खिलाफ 20 अगस्त को राज्यव्यापी भूख हड़ताल की घोषणा की है।

खेल और युवा मामलों के राज्य मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि द्रमुक की युवा, छात्र और डॉक्टर शाखा सभी जिला मुख्यालयों पर एक दिन की भूख हड़ताल करेगी।

उदयनिधि स्टालिन और तीनों शाखाओं के सचिवों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि जब तक विधेयक (बिल) को मंजूरी नहीं मिल जाती, पार्टी आंदोलन जारी रखेगी।

हड़ताल की घोषणा मुख्यमंत्री एमके. स्टालिन के स्वतंत्रता दिवस के संबोधन के दौरान उस बयान के एक दिन बाद की गई, जिसमें उन्होंने कहा था कि शिक्षा को समवर्ती सूची में राज्य विषय में शामिल किया जाना चाहिए।

# आईओबी बैंक ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**चेन्नई।** सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंक इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने अपने केंद्रीय कार्यालय में 77वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और गौरव के साथ मनाया। इस कार्यक्रम की शुरुआत एक भव्य परेड, एमडी और सीईओ श्री अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान की गूंजती धुनों से हुई। बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री अजय कुमार श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की प्रतिज्ञा लेने का नेतृत्व किया, जिसके बाद पंचप्राण प्रतिज्ञा का पाठ किया गया। अपने विजन और मिशन के प्रति आईओबी की प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, बैंक के विजन और मिशन विवरण के साथ उत्कीर्ण एक ग्रेनाइट पत्थर का अनावरण किया गया, जो लक्ष्यों के प्रति बैंक के समर्पण का प्रतीक है। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक सुश्री एस श्रीमथी, मुख्य सतर्कता अधिकारी राजीव कुमार और आईओबी के विभिन्न महाप्रबंधकों और वरिष्ठ अधिकारियों सहित सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति देखी गई।

## तिरुनेलवेली में समुद्र में लापता तीन किशोरों के शव तट पर आए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में समुद्र में नहाने गए तीन किशोर छात्रों के शव एक दिन बाद बुधवार को बहकर तट पर आ गए। मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस पर लड़के नहाने के लिए समुद्र में गए थे। स्थानीय लोगों को मंगलवार शाम को तिरुनेलवेली में थिसैयानविलई के पास उवारी और नववलादी के बीच समुद्र तट पर कपड़े मिले थे। उन्होंने उवारी पुलिस को सतर्क किया कि समुद्र में कुछ लोग लापता हैं।

उवारी पुलिस ने पूछताछ में पाया कि तीन लड़के दोपहर तीन बजे समुद्र में नहाने गये थे। उनकी पहचान कक्षा 10 के छात्र आकाश (14), कक्षा नौ के छात्र राहुल (13) और कक्षा आठ के छात्र मुकेश (12) के रूप में हुई थी। उवारी पुलिस, कुडनकुलम के तटीय सुरक्षा समूह और अग्निशमन एवं बचाव सेवा कर्मियों ने तलाशी शुरू की जो आधी रात तक जारी रही। तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष एम. अप्पावु, जो जिले के ही रहने वाले हैं, समुद्र तट पर पहुंचे और तलाशी अभियान के दौरान मौजूद रहे।

हालाँकि लड़कों का कोई निशान नहीं मिला। बुधवार की सुबह आकाश और राहुल के शव नववलाडी के पास कोदाविलाई में बहकर किनारे पर आ गए। सुबह साढ़े छह बजे मुकेश का शव भी बहकर किनारे आ गया। तीनों लड़कों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए तिरुनेलवेली सरकारी मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



## पूरा भारत मोदी का घर है : थंबीदुरई का खरगे पर पलटवार

**चेन्नई/नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने टिप्पणी की थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले साल अपने घर पर तिरंगा फहराएंगे। इस पर अन्नाद्रमुक नेता एम थंबीदुरई ने बुधवार को कहा कि पूरा भारत प्रधानमंत्री का घर है और वह राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

बुधवार को अन्नाद्रमुक के नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री साथी देशवासियों को परिवार के सदस्यों के रूप में मानते हैं। इसलिए, लाल किला देश का एकमात्र स्थान है जहां वह राष्ट्रीय ध्वज फहरा सकते हैं और फहराएंगे। उन्होंने आगे कहा कि खरगे का अपना परिवार हो सकता है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के लिए पूरा देश उनका घर है।

मगलिर उरीमाई थोगाई

# दिव्यांग, वृद्धावस्था पेंशनभोगी कल से आवेदन कर सकते हैं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** नई छूट के अनुसार, दिव्यांग पेंशन और वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थी भी 18 से 20 अगस्त तक मगलिर उरीमाई थोगाई योजना (महिला एंडेवर योजना) के लिए आवेदन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने योजना की जांच को लेकर एक बैठक की अध्यक्षता की।

योजना के लिए प्रस्तुतियाँ दो समूहों में वर्गीकृत की गई हैं। प्रस्तुतीकरण की पहली श्रेणी 24 जुलाई से 4 अगस्त तक हुई, और दूसरी श्रेणी 5 से 14 अगस्त तक निर्धारित की गई थी। अब तक, मोबाइल ऐप पंजीकरण प्रक्रिया के माध्यम से 54 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं।

विभिन्न कारणों से अपने आवेदन जमा करने में असमर्थ लोगों की सहायता के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। बैठक के बाद यह नोट किया गया कि विशेष श्रेणियों के तहत नए पात्र लाभार्थी 18, 19 और 20 अगस्त को धन के लिए आवेदन कर सकते हैं। यदि उल्लिखित श्रेणियों की महिलाओं ने पहले ही अपना आवेदन जमा कर दिया है, तो उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। इस पर जोर दिया गया है परिपत्र में कहा गया है कि जिन लोगों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है और पात्र हैं, उन्हें इस अवसर का उपयोग करना चाहिए।

## इंडियन बैंक ने 10 शहरों में स्टार्टअप कंपनियों के लिए विशेष प्रकोष्ठ शुरू किए

**चेन्नई।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने स्टार्टअप कंपनियों को विशेष बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए देशभर में 10 स्टार्टअप प्रकोष्ठ' शुरू किए हैं। बैंक ने यह जानकारी दी। इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ एस एल जैन ने चेन्नई में प्रकोष्ठ का शुभारंभ करने के बाद कहा, स्टार्टअप प्रकोष्ठ की शुरुआत भारत में स्टार्टअप परिवेश की वृद्धि को गति देने की इंडियन बैंक की यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है। बैंक के 117वें स्थापना दिवस पर जैन से इसके साथ ही नौ स्टार्टअप प्रकोष्ठ का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया।



# राजस्थान में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस मंगलवार को पारंपरिक हर्षोल्लास से मनाया गया जहां शिक्षण संस्थाओं में सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से लबरेज कार्यक्रम हुए तो वहीं सड़कों पर युवाओं की टोलियां तिरंगा लेकर घूमती नजर आईं। राज्य स्तरीय समारोह यहां सवाई मान सिंह स्टेडियम में हुआ, जहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर गहलोत ने अपने संबोधन में कई घोषणाएं भी की, जिनमें रामगढ़ बांध को पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) के तहत ईसरदा बांध से लिए पानी से भरने और पुलिस में कांस्टेबल से लेकर पुलिस निरीक्षक पद तक की पदोन्नति भी समयबद्ध विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) के माध्यम से कराना शामिल है।

इससे पहले गहलोत ने मुख्यमंत्री निवास पर ध्वजारोहण किया, बाद में वह शहर में स्थित अमर जवान ज्योति पहुंचे। उन्होंने स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गहलोत ने शासन सचिवालय में राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ की ओर से आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में भी ध्वजारोहण किया। इससे पूर्व उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किए।

समारोह में स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने मुख्यमंत्री को प्रदेश के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में संविधान की उद्देशिका एवं मौलिक कर्तव्यों के वाचन से बने विश्व रिकॉर्ड का प्रोविजनल सर्टिफिकेट भेंट किया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में झंडारोहण किया। बाद में उन्होंने आरएसी गारद की सलामी ली। मिश्र ने राजभवन परिसर स्थित राजकीय विद्यालय के उच्च प्राप्तांक वाले बालक-बालिकाओं को मिठाई वितरण कर उनका उत्साह बढ़ाया। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने विधानसभा में झंडारोहण किया। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने राजधानी जयपुर में बड़ी चौपड़ पर ध्वजारोहण किया। जोशी ने भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भी ध्वजारोहण कर संबोधित किया।

# मैने जो कहा, वह कर दिखाया : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि जो बोला वह करके दिखाया। गहलोत ने यहां अपनी सरकार की महत्वाकांक्षी अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की योजनाएं कोई रेवड़ियां नहीं है और उनकी सरकार ने शानदार वित्तीय प्रबंधन से इन योजनाओं का क्रियान्वयन किया है। उन्होंने कहा, 'मेरी घोषणाएं सिर्फ घोषणाएं नहीं हैं जो कहा है वह करके दिखाया।'

इस अवसर पर गहलोत ने कुछ लाभार्थियों को अन्नपूर्णा फूड पैकेट भी प्रदान किए। इस अवसर पर खाद्य मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी मौजूद थे।

इस योजना के प्रत्येक पैकेट में चना दाल, चीनी, नमक एक-एक किलो, खाद्य तेल एक लीटर, मिर्ची पाउडर, धनिया पाउडर 100-100 ग्राम और हल्दी पाउडर 50 ग्राम सामग्री होगी। एक पैकेट पर करीब 370 रुपए का खर्च आयेगा । इस खाद्य पैकेट की आपूर्ति करने पर लगभग 392 करोड़ रुपए मासिक व्यय होगा।

यह योजना मुख्यमंत्री गहलोत के 19000 करोड़ रुपये के महंगाई राहत पैकेज का एक हिस्सा है जिसकी घोषणा उन्होंने जनता को महंगाई के बोझ से राहत दिलाने के लिए की थी।

# जैन श्रद्धालुओं ने निकाली एक किलोमीटर लम्बी तिरंगा यात्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में स्वतंत्रता दिवस पर जैन श्रद्धालुओं ने एक किलोमीटर लम्बी तिरंगा यात्रा निकाली। प्रताप नगर सेक्टर आठ में चातुर्मास कर रहे जैनाचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में मंगलवार को अनूठे अंदाज में जैन श्रद्धालुओं ने आजादी के 77 वें महामहोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए यह तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान जैन श्रद्धालुओं ने शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर आठ, प्रताप नगर से मुख्य पांडाल स्थल तक करीबन एक किमी लम्बी तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में शामिल बच्चों, बुजुर्गो, महिला और पुरुष अपने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति नारों और जयकारों की दिव्य गूंज और बैंड - बाजों की ध्वनि पर नृत्य करते हुए चल रहे थे वहीं महिलाओं ने तिरंगा वस्त्र धारण कर यात्रा में शामिल होकर देशभक्ति का जज्बा दिखाया।

यात्रा जब मुख्य पांडाल स्थल पर पहुंची तो सर्व प्रथम भाजपा नेता संजय जैन द्वारा आचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर आचार्य सौरभ सागर ने भारत को एक अध्यात्म प्रधान देश बताते हुए कहा कि अध्यात्म की शिक्षा देने का पूर्ण अधिकार गुरु को एवं शिक्षक को है लेकिन वर्तमान में शिक्षकों का आचरण खो गया है। उनकी महिमा, गरिमा समाप्त हो गई है। वे विद्यार्थी को शिक्षा देने के पूर्व व्यसन सेवन जैसे तम्बाकू, पान, गुटका, बीड़ी, सिगरेट, शराब आदि खाते-पीते है, फिर बालकों को शिक्षा देते है, इसलिए शिक्षा का असर नहीं होता है। नींव कमजोर है, तो मकान भी कमजोर होता है जिस प्रकार विद्यार्थियों की ड्रेस नियुक्त है, उसी प्रकार शिक्षकों की भी ड्रेस नियुक्त होनी चाहिये। शिक्षक अगर आचारहीन होगा तो उसका असर भी विद्यार्थियों पर होगा। आज के ही विद्यार्थी कल के नागरिक है। वे अपने बड़ों का आचरण देखकर अपना भविष्य बनाते है।

उन्होंने भारतीय संस्कृति को अहिंसा की संस्कृति बताते हुए कहा कि अहिंसा की संस्कृति से मुक्त होने से हम सुखी नहीं है क्योंकि हमने अपने जीवन में अनैतिकता, अराजकता को स्वीकार कर लिया है। भारतीय संस्कृति धार्मिक क्षेत्र में जिस प्रकार ज्ञान, दर्शन, चरित्र का संदेश देती है, उसी प्रकार सामाजिक क्षेत्र में अहिंसा प्रेम एवं भक्ति की शिक्षा देती है। भारतीय संस्कृति हिंसा को निकृष्ट और अहिंसा को उत्कृष्ट मानती है। यहां राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, जीसस ग्रंथो में नही, दिल के विद्यमान है। आचार्य सौरभ सागर ने कहा कि देश भक्त के चरण स्पर्श से मातृभूमि धन्य हो जाती है। देश भक्तों ने अपना सर्वस्व त्यागकर सैकड़ों वर्षों से परतंत्र भारत को स्वतंत्रता दिलाई।



# वात्सल्य अभियान एवं बाल हक ई-बॉक्स की पोस्टर विमोचन के माध्यम से की शुरुआत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। महिला एवं बाल विकास एवं बाल अधिकारिता मंत्री श्रीमती ममता भूपेश ने कहा है कि वात्सल्य (फोस्टर केयर) अभियान 0 से लेकर 18 वर्ष तक उम्र वाले बच्चों के लिए पारिवारिक परिवेश में पलने बढ़ने का अवसर है। वही उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को सुरक्षात्मक माहौल प्रदान करने के लिए बाल हक ई-बॉक्स आरंभ किया गया। ऐसे बच्चे जो किसी भी प्रकार की हिंसा, अपराध अथवा शोषण के शिकार हो बाल हक ई-बॉक्स के माध्यम से क्यू आर कोड स्कैनकर अथवा ईमेल के द्वारा अपनी समस्या प्रेषित कर बाल अधिकारिता विभाग की ओर से त्वरित प्रभाव से राहत पा सकते हैं। इससे बच्चों को घरों में, हॉस्टल में, विद्यालय में समाज में किसी भी स्थान पर सुरक्षात्मक वातावरण उपलब्ध करवाना सरकार का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का भविष्य राष्ट्र के बच्चों पर निर्भर करता हैश्र अतः उनका पालन पोषण पारिवारिक परिवेश में होना जरूरी हैश्र इसके साथ ही बच्चों को किसी भी अपराध अथवा शोषण का शिकार होने से बचाने एवं राहत प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। महिला एवं बाल विकास एवं बाल अधिकारिता मंत्री श्रीमती ममता भूपेश ने बुधवार को जयपुर में अपने निवास पर बाल अधिकारिता विभाग की शासन सचिव डॉ. आरुषी मलिक की उपस्थिति में विभागीय नवाचार वात्सल्य (फोस्टर केयर) अभियान एवं बाल हक ई-बॉक्स की पोस्टर के विमोचन माध्यम से शुरुआत करते हुए उक्त जानकारी दी।


बाल अधिकारिता शासन सचिव डॉ. आरुषी मलिक ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों को रिश्तों की समझ, स्नेह, अपनत्व सही गलत का ज्ञान, परिवार और समाज का महत्व यह सब परिवार की पाठशाला में ही मिलता है। इसी क्रम में पारिवारिक देखरेख से वंचित एवं बाल देखरेख संस्थानों में वासित बच्चों को पारिवारिक देखरेख एवं परिवार का स्नेह एवं दुलार प्रदान करने हेतु राज्य सरकार द्वारा बाल अधिकारिता विभाग के माध्यम से वात्सल्य (फोस्टर केयर) योजना का संचालन किया जा रहा है।

श्रीमती मलिक ने बताया कि पूर्व में अन्य राज्यों जैसे पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, गुजरात राज्य द्वारा भी राजस्थान सरकार की फोस्टर केयर योजना का अवलोकन किया गया व कार्यक्रम को सराहा गया है। इसी वर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर श्रीलंका के बाल कल्याण विभाग द्वारा भी राज्य के उदयपुर जिले में भ्रमण किया गया बच्चों से मिलकर योजना को प्रशंसनीय बताया।

# राजस्थान के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश

जयपुर। राजस्थान में मानसून की गतिविधियां कई दिनों से कमजोर बनी होने के बीच कई हिस्सों में बीते चौबीस घंटे में हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, राज्य के अधिकतर भागों में कमजोर मानसून परिस्थितियां है। इसके अनुसार, पिछले 24 घंटे में पूर्वी राजस्थान के जयपुर, भरतपुर, उदयपुर संभाग में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक 43 मिलीमीटर बारिश गोविंदगढ़, अलवर में दर्ज की गई है।

आगामी दिनों में पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, जयपुर कोटा, उदयपुर संभाग में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। जबकि जोधपुर, बीकानेर व अजमेर संभाग के अधिकतर भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क बना रहने की संभावना है। राजधानी जयपुर में मानसूनी बारिश हुए कई दिन बीत चुके हैं। बुधवार को भी यहां आसमान में बादल छाये रहे और कई इलाकों में हल्की बरसात हुई।



# गहलोत ने शांति एवं अहिंसा निदेशालय के 'लोगो' का किया विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शांति एवं अहिंसा निदेशालय के 'लोगो' का विमोचन किया। गहलोत ने स्वतंत्रता दिवस पर इसका विमोचन करते हुए कहा कि शांति एवं अहिंसा की राह पर चलते हुए राजस्थान का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। अब शांति एवं अहिंसा विभाग और निदेशालय द्वारा महात्मा गांधी के सिद्धांतो और उनके जीवन दर्शन को घर-घर पहुंचाने का सबसे बड़ा कार्य किया जा रहा है। इससे युवा पीढ़ी सकारात्मक सोच के साथ प्रदेश के विकास में अहम योगदान निभाएगी।इस अवसर पर निदेशालय के निदेशक मनीष कुमार शर्मा, गांधी शांति प्रतिष्ठान नई दिल्ली के अध्यक्ष कुमार प्रशांत, शांति एवं अहिंसा विभाग के शासन सचिव नरेश ठकराल सहित कार्मिक हाकम अली, कृष्ण कुमार जाखड़, श्यामलाल गोयल, आलोक नारायण माथुर, हेमलता शर्मा, विजय गुप्ता, किशन कुमार स्वामी, रमेश सिंह, मंजू सक्सेना, नीरज शर्मा एवं घनश्याम गुर्जर भी मौजूद थे।

## पुष्पांजलि



जयपुर में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के पुरोधा, असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणा पुंज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें सादर नमन करते भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी।

# कोटा में बिहार के छात्र ने की आत्महत्या

कोटा। बिहार के गया जिले के एक 18 वर्षीय छात्र ने यहां किराए के कमरे में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पीड़ित छात्र आईआईटी . जेईई परीक्षा की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने यह जानकारी दी। कोचिंग करने वाले छात्रों द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या किए जाने का यह इस माह चौथा मामला है। छात्र द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या करने की जानकारी मंगलवार रात को मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के मुर्दाघर में रखा है। छात्र के अभिभावकों के आने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा।

मृतक की पहचान वाल्मीकि प्रसाद के तौर पर की गई है। वह एक कोचिंग संस्थान में पिछले अकादमिक सत्र से आईआईटी-जेईई प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था और महावीर नगर इलाके में एक कमरे में पेइंग गेस्ट के तौर पर रह रहा था। महावीर नगर पुलिस थाने के अधिकारी परमजीत पटेल ने बताया कि छात्र ने मंगलवार को कमरे में एक लोहे की रॉड से फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि छात्र को अंतिम बार सोमवार शाम को देखा गया था।



# जी-20 के व्यापार एवं निवेश कार्यसमूह की होगी बैठक तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर में आयोजित होने वाले जी-20 देशों के व्यापार और निवेश कार्य समूह एवं इसकी मंत्रालयिक बैठक की तैयारियों को लेकर बुधवार को शासन सचिवालय में गृह विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री आनंद कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

प्रमुख शासन सचिव गृह ने आयोजन की तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में इस दौरान सुरक्षा, साफ़-सफाई, सड़कों की मरम्मत एवं ट्रैफिक नियंत्रण की माकूल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को इस आयोजन में जी-20 देशों से आने वाले प्रतिनिधियों को राज्य की कला एवं संस्कृति से रुबरु करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए राजस्थान की लोक कलाओं से जुड़े जाने-माने लोक कलाकारों की प्रस्तुति की व्यवस्था की जाए और कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में आयोजित होने वाले जी-20 के शिखर सम्मेलन के क्रम में 21 और 22 अगस्त को जी-20 के ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट वर्किंग ग्रुप (टीआईडब्ल्यूजी) की चौथी बैठक तथा 24 एवं 25 अगस्त को ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट मिनिस्टीरियल (टीआईएमएम) बैठक का आयोजन जयपुर के रामबाग पैलेस में किया जाएगा। समीक्षा बैठक में पुलिस, नगरीय विकास, पर्यटन एवं कला और संस्कृति, उद्योग एवं वाणिज्य, जयपुर विकास प्राधिकरण, स्वायत्त शासन, सामान्य प्रशासन आदि विभागों एवं जयपुर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# चूरू में विस्फोटक सामग्री फेंके जाने से युवक की मौत

जयपुर। राजस्थान के चूरू जिले में मंगलवार की रात फेंकी गई छर्रे वाली विस्फोटक सामग्री की चपेट में आने से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (एसपी) राजेंद्र बुरडक ने बताया कि रतन नगर पुलिस थाना क्षेत्र में हुई इस घटना में आरोपी को भी चोटें आईं। उन्होंने बताया कि हनुमानगढ़ जिला निवासी आरोपी झाबर सिंह की शादी चूरू की एक महिला से हुई थी।

# चुनाव में मतदाताओं की सुविधा के लिए व्हीलचेयर खरीदने को मंजूरी

जयपुर। राजस्थान में इस साल के आखिर होने वाले विधानसभा चुनाव में जरूरतमंद मतदाताओं की सुविधा हेतु अतिरिक्त व्हील चेयर खरीदने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 8.76 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है। सरकार द्वारा बुधवार को जारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने 10,072 व्हीलचेयर की खरीदी के लिए 8.76 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। राज्य में जरूरतमंद मतदाताओं की सुविधा के लिए वर्तमान में 10,734 व्हीलचेयर उपलब्ध हैं। सरकार ने 10,072 अतिरिक्त व्हीलचेयर खरीदी को मंजूरी दी है। मतदान के बाद इनका उपयोग राजकीय चिकित्सालयों में होगा और मतदान के वक्त फिर से इनका उपयोग निर्वाचन प्रक्रिया में होगा। मुख्यमंत्री ने एक अन्य फैसले में जिला शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ के लिए सहायक लेखाधिकारी-प्रथम के 33 पद सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इससे प्रकोष्ठ के लिए जिला मुख्यालय स्तर पर कार्यालयाध्यक्ष एवं आहरण अधिकारी के रूप में सहायक लेखाधिकारी-प्रथम के पदों के सृजन किया जाएगा। वहीं हनुमानगढ़ जिले के नोहर में सिद्धमुख नहर व नोहर फीडर प्रणाली में पुराने टूटे नालों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराने के लिए 58.50 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

# गहलोत ने दी चार सौ होमगार्ड्स के नियोजन की स्वीकृति सहित विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में कानून एवं यातायात व्यवस्था में सहयोग करने के लिए 400 होमगार्ड्स के नियोजन की स्वीकृति, जिला शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ के लिए सहायक लेखाधिकारी-प्रथम के 33 पद सृजन, आगामी विधानसभा चुनाव में निःशक्तजन मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर उपलब्ध कराने के लिए 8.76 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति सहित विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी हैं। गहलोत की 400 होमगार्ड्स के नियोजन की स्वीकृति अनुसार 200 होमगार्ड्स जयपुर शहर एवं 200 होमगार्ड्स राज्य के अन्य जिलों में नियोजित किए जाएंगे। यह नियोजन आगामी 31 मार्च अथवा कांस्टेबल की नवीन भर्ती होने तक जो भी पहले हो के लिए किया जाएगा।

इसी तरह मुख्यमंत्री की जिला शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ के लिए 33 पद स्वीकृत करने के प्रस्ताव को मंजूरी से प्रकोष्ठ के लिए जिला मुख्यालय स्तर पर कार्यालयाध्यक्ष एवं आहरण अधिकारी के रूप में सहायक लेखाधिकारी-प्रथम के पदों के सृजन किया जाएगा। गहलोत के इस निर्णय से जिला स्तर पर स्थापित शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठों का बेहतर संचालन हो पाएगा। गांधी दर्शन के प्रचार-प्रसार में प्रकोष्ठ की विभिन्न गतिविधियों का वृहद स्तर पर आयोजन हो सकेगा और प्रदेशवासी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के आदर्शों एवं सिद्धान्तों से परिचित होकर उन्हें आत्मसात कर सकेंगे।

राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023 में निःशक्तजन मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर उपलब्ध कराई जाएगी। गहलोत ने 10 हजार 72 व्हीलचेयर्स की खरीद के लिए 8.76 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि राज्य में निःशक्तजन मतदाताओं की सुविधा के लिए वर्तमान में 10 हजार 734 व्हील चेयर्स उपलब्ध हैं। अब 10 हजार 72 अतिरिक्त व्हील चेयर्स की खरीद की जाएगी। इन्हें मतदान के बाद राजकीय चिकित्सालयों में रखा जाएगा, जिन्हें आगामी निर्वाचन में भी इस्तेमाल लिया जा सकेगा।

इसी तरह मुख्यमंत्री ने प्रदेश के छह उप स्वास्थ्य केन्द्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत करने तथा 1 नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इनमें श्रीगंगानगर जिले की रायसिंहनगर पंचायत समिति के मुकलावा 17 टी.के., बीकानेर जिले की पंचायत समिति नोखा के बिरहमसर, हनुमानगढ़ जिले की पंचायत समिति भादरा के मलखेड़ा, जोधपुर जिले की पंचायत समिति बिलाड़ा के हरियाढाना व पंचायत समिति पीपाड़ सिटी के साथिन तथा अलवर जिले की पंचायत समिति राजगढ़ के मोतीवाड़ा के उप स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत किया जाएगा।

# शरद पवार-अजित पवार की बैठक में क्या बातचीत हुई, इसकी जानकारी नहीं : सुले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुणे (महाराष्ट्र)/भाषा।** राकांपा नेता सुप्रिया सुले ने बुधवार को कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि पिछले सप्ताह पुणे के एक उद्योगपति के घर पर शरद पवार और अजित पवार के बीच क्या बातचीत हुई थी।

कोरेगांव पार्क क्षेत्र में 12 अगस्त को उद्योगपति अतुल चोरडिया के आवास पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) संस्थापक शरद पवार और उनके भतीजे एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बीच एक बैठक हुई थी। बारामती से लोकसभा सदस्य सुले ने कहा कि वह बैठक में मौजूद नहीं थीं और उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि वहां क्या हुआ था। सुले ने कहा, दादा (अजित पवार) के जन्म से पहले भी पवार और चोरडिया परिवारों के बीच अच्छा संबंध था क्योंकि (अतुल) चोरडिया के पिता और पवार साहब कॉलेज में एक साथ थे। इसलिए, अगर दोनों परिवार मिलते हैं तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है।

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने मंगलवार को कहा था कि यह उनकी पार्टी के लिए चिंता की बात है कि शरद पवार और अजित पवार गुप्त रूप से मुलाकात कर रहे हैं। शरद पवार शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और राकांपा के महाविकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन का हिस्सा हैं, जबकि अजित पवार पिछले महीने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना-भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) नीत सरकार में शामिल हो गए थे।



अजित पवार के रुख के बारे में सुले ने कहा कि मतभेद होते रहते हैं और इसे स्वस्थ लोकतंत्र के संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शरद पवार की बहन सरोज पाटिल दिवंगत कॉमरेड डॉ. एन डी पाटिल की पत्नी हैं, लेकिन (शरद) पवार और पाटिल कई मौकों पर एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हुए।

उन्होंने कहा, इसका मतलब यह नहीं कि बुआ का हमारे प्रति प्यार कम हो गया है। हमारे परिवार में, निजी संबंध एक तरफ हैं और राजनीतिक विचार दूसरी तरफ है। सुले ने कहा कि पवार साहब और एन. डी. पाटिल के बीच मतभेदों के बावजूद महाराष्ट्र ने उन्हें स्वीकार किया और दोनों नेताओं को प्यार मिला। उन्होंने कहा, राज्य में एक बार फिर ऐसी ही स्थिति बन गई है। अगर दादा (अजित पवार) को लगता है कि उनका राजनीतिक रुख सही है, तो लोकतांत्रिक व्यवस्था में इसे स्वीकार किया जाना चाहिए। हमारा रुख दादा से अलग हो सकता है और मैं इसे लोकतंत्र में गलत नहीं मानती।

भाजपा से 'प्रस्ताव' मिलने के दावे से जुड़ी खबरों के बारे में पूछे जाने पर सुले ने कहा कि उन्हें किसी से कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

## यूट्यूब कैंसर का उपचार संबंधी गलत सूचना को हटाएगा

**नई दिल्ली/भाषा।** गूगल के स्वामित्व वाला वीडियो स्ट्रीमिंग मंच यूट्यूब स्वास्थ्य संबंधी उन भ्रामक सामग्रियों को हटाएगा जो स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों या विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशानिर्देशों के विपरीत है। यूट्यूब ने 15 अगस्त को एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, आज से हम ऐसी सामग्रियों को हटा रहे हैं जो हानिकारक या अप्रभावी कैंसर उपचार को बढ़ावा देती हैं या ऐसी सामग्री जो दर्शकों को पेशेवर चिकित्सा के संबंध में हतोत्साहित करती है। आने वाले हफ्तों में इसमें और तेजी लाई जाएगी।

कंपनी ने कहा कि वह अपने मंच पर उपलब्ध उन सामग्रियों को हटा देगी जिनमें लहसुन से कैंसर ठीक होने या विकिरण चिकित्सा के बजाय विटामिन सी लेने जैसे दावे किए गए हैं। यूट्यूब के निदेशक गर्थ ग्राहम और कंपनी के उपाध्यक्ष मैट हेलप्रिन के ब्लॉगपोस्ट के अनुसार, चिकित्सा संबंधी गलत सूचना नीतियों के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण के तहत दिशानिर्देश तीन श्रेणियों में होंगे। इनमें रोकथाम, उपचार और इनकार शामिल होंगे।

ब्लॉगपोस्ट में कहा गया, ये नीतियां विशिष्ट स्वास्थ्य स्थितियों, उपचारों और सामग्रियों पर लागू होंगी, जो स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों या डब्ल्यूएचओ के विपरीत है। ब्लॉगपोस्ट के मुताबिक अतिरिक्त संदर्भ के लिए यूट्यूब ऐसे वीडियो में उम्र सीमा तय करेगा या वीडियो पर एक सूचना पैनल पेश करेगा।

ब्लॉगपोस्ट के मुताबिक, हम व्यक्तिगत गवाही या किसी विशिष्ट चिकित्सा अध्ययन के परिणामों पर चर्चा करने वाली सामग्री को अपवाद के दायरे में रख सकते हैं।



## 'भारत जोड़ो यात्रा' कुछ ऐसी है, जैसे 1000 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली : बीआरएस नेता कविता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**निजामाबाद (तेलंगाना)/भाषा।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधान पार्षद के. कविता ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि हाल में संपन्न 'भारत जोड़ो यात्रा' कुछ इस तरह है, जैसे 1000 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली। कविता ने भोदान में बीआरएस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष किया और आरोप लगाया कि कांग्रेस ने 62 वर्ष तक देश पर शासन किया, जिसमें 'गरीबी हटाओ' के नारे के बावजूद गरीब, गरीब ही बने रहे।

अगला आम चुनाव निजामाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से लड़ने की सार्वजनिक रूप से घोषणा करने के बाद यह कविता का इस क्षेत्र का पहला दौरा है। बीआरएस नेता के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं ने एक विशाल रैली आयोजित की। कविता ने आरोप लगाया, उन्होंने (राहुल गांधी) एक पैदल मार्च निकाला - 'भारत जोड़ो यात्रा'। आप जानते हैं मैं (इस यात्रा को लेकर) कैसा महसूस करती हूं?, हजार चूहों को मार कर एक बिल्ली हज यात्रा को निकलती है। ऐसी है राहुल गांधी जी की यात्रा। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी के बाद 62 साल तक शासन किया। आपने मुसलमानों के लिए क्या किया? आप (कांग्रेस पार्टी) 'गरीबी हटाओ' कहते रहे। आपने गरीबों के लिए क्या किया? आपने गरीबों को हटाया, गरीबी को नहीं। कविता ने बीआरएस पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कि वे निर्वाचन क्षेत्र के हर घर और मस्जिद के मौलानाओं से मिलें और उन्हें ये समझाएं कि कांग्रेस को वोट क्यों नहीं देना चाहिए।

उन्होंने कहा, तेलंगाना में कोई भी वह क्रांति नहीं ला सका जो मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) पिछले 10 वर्ष में राज्य में लाने में सक्षम रहे हैं। हमारे अल्पसंख्यक भाइयों को इस बारे में सोचना चाहिए कि क्या किसी को कांग्रेस को वोट देना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि पीढ़ियों से कांग्रेस नेताओं के शासन के बावजूद देश में कोई विकास नहीं हुआ है। बीआरएस नेता ने दावा किया कि तेलंगाना के मुसलमान 'कार और सरकार' (कार बीआरएस का चुनाव चिन्ह है) के अलावा कुछ भी नहीं सोच रहे हैं।



## लाल किला पर स्वतंत्रता समारोह में न जाने को लेकर खड़गे ने दी सफाई

**नई दिल्ली/वार्ता।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल नहीं होने की वजह बताते हुए मंगलवार को कहा कि इस अवसर पर पार्टी मुख्यालय मे समारोह होना था और इस स्थिति में यदि वह लाल किला जाते तो फिर पार्टी के कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाते। लाल किला पर आयोजित समारोह के दौरान खड़गे के लिए आरक्षित कुर्सी पूरे कार्यक्रम में खाली रही। इसको लेकर भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर निशाना भी साधा।

खड़गे ने कांग्रेस मुख्यालय में ध्वजारोहण किया। पत्रकारों ने इस संबंध में जब सवाल पूछे तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस दफ्तर में तिरंगा फहराना था। यदि लाल किला जाते तो प्रधानमंत्री का कार्यक्रम होने के कारण वहां अत्यधिक सुरक्षा-व्यवस्था होनी थी और यदि लाल किला जाते तो पार्टी के कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाते। यही सोचकर उन्होंने लाल किला नहीं जाने का निर्णय लिया।

पार्टी ने भी मल्लिकार्जुन खड़गे के लाल किला नहीं पहुंचने के संबंध में कहा, अगर खड़गे लाल किले के समारोह में जाते तो वह घर और पार्टी दफ्तर में ध्वजारोहण के लिए समय से नहीं पहुंच पाते। सुरक्षा कारणों के चलते वह लाल किले से जल्दी नहीं निकल सकते थे।उन्हें कम से कम दो घंटे तक वहां पर रहना ही पड़ता।

श्रद्धांजलि — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि पर उनके स्मारक सदाव अटल पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## दिल्ली पहुंचे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विपक्षी नेताओं से कर सकते हैं मुलाकात

**नई दिल्ली/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को दिल्ली पहुंचे जहां वह विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के कुछ नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। जनता दल (यूनाइटेड) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार मुंबई में 31 अगस्त और एक सितंबर को होने वाली विपक्ष की बैठक से कुछ दिनों पहले दिल्ली पहुंचे हैं। माना जा रहा है कि उन्हें 'इंडिया' में संयोजक या कोई अन्य भूमिका सौंपी जा सकती है।



जद(यू) से जुड़े सूत्रों का कहना है कि नीतीश कुमार अपने दिल्ली प्रवास में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और कुछ अन्य दलों के नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। दिल्ली पहुंचने पर नीतीश कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि 'सदैव अटल' पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। आज वाजपेयी की पुण्यतिथि है। वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री रहे कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री के साथ संबंधों और कामकाज के अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा, वाजपेयी जी मुझे बहुत स्नेह और इज्जत करते थे। मैं कभी भूल नहीं सकता। उन्होंने मुझे बहुत काम दिया।

## नोएडा : झूठी शान के लिए किया दामाद पर हमला

**नोएडा/भाषा।** प्रेम विवाह करने वाले एक युवक पर युवती के परिजन ने झूठी शान के चलते कथित तौर पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना बीटा-दो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायल युवक के पिता विजय स्वरूप ने घटना के सिलसिले में बीती रात को थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उनके अनुसार, शिकायत में विजय ने कहा है कि उनके बेटे राहुल ने 31 मार्च 2023 को करिश्मा नामक युवती से प्रेम विवाह किया और दोनों बालिग हैं। लेकिन लड़की के परिजन इस विवाह से खुश नहीं हुए और उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक के अनुसार, शिकायत में विजय ने कहा कि 14 अगस्त को बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहे राहुल पर लड़की के कुछ रिश्तेदारों ने लाठी-डंडे और लोहे की छड़ से हमला किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## उप्र में स्वतंत्रता दिवस पर काला झंडा लेकर घूमे तीन छात्र, मामला दर्ज

**पीलीभीत (उत्तर प्रदेश)/भाषा।** पीलीभीत के कोतवाली इलाके में मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस पर कथित रूप से काला झंडा लेकर घूमने वाले एक निजी स्कूल के तीन छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। स्वतंत्रता दिवस पर काला झंडा लहराते हुए बाइक पर घूम रहे तीनछात्रों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह कार्रवाई हुई है। क्षेत्राधिकारी अंजू जैन ने कहा, स्वतंत्रता दिवस पर एक बाइक पर सवार तीन छात्रों के काला झंडा लहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले की जांच में पता चला कि तीनों एक स्थानीय स्कूल के छात्र और नाबालिग हैं।

## जसप्रीत बुमराह ने 11 महीने बाद भारतीय नेट्स पर गेंदबाजी की




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**डबलिन/भाषा।** चोटिल होने के कारण 11 महीने तक बाहर रहने वाले भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बुधवार को यहां भारतीय नेट्स पर पूरी तेजी और कौशल के साथ गेंदबाजी की। इस 29 वर्षीय तेज गेंदबाज ने भारत की तरफ से अंतिम मैच 25 सितंबर 2022 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हैदराबाद में टी20 के रूप में खेला था। इसके बाद पीठ की चोट के कारण वह बाहर रहे और उन्हें ऑपरेशन करवाना पड़ा।

बुमराह ने तब बहुप्रतीक्षित वापसी की जब उन्हें आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से डबलिन में शुरू होने वाले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की शृंखला के लिए भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारतीय टीम मंगलवार को आयरलैंड पहुंची और उसके एक दिन बाद ही उसने अभ्यास शुरू कर दिया।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें बुमराह अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी कर रहे हैं जो एशिया कप और विश्वकप से पहले भारतीय टीम के लिए अच्छी खबर है। बुमराह ने दाएं हाथ के बल्लेबाज को अपने तीखे बाउंसर से परेशान किया। इस कारण बल्लेबाज को नीचे झुक कर वह गेंद छोड़नी पड़ी। बाएं हाथ के बल्लेबाज को उन्होंने यार्कर से परेशान किया। बुमराह का नेट पर किया गया यह प्रदर्शन राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में की गई उनकी कड़ी मेहनत के नतीजे के रूप में देखा जा सकता है। भारतीय टीम में एक अन्य तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा भी शामिल हैं। वह भी चोटिल होने के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे हैं।

## अब ऊंची रैंकिंग वाली टीमों से डरते नहीं हैं : प्रीतम कोटाल



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय फुटबॉल टीम के अनुभवी डिफेंडर प्रीतम कोटाल का कहना है कि अब उनकी टीम ऊंची रैंकिंग वाली टीमों से डरती नहीं है। इंटर कांटिनेंटल कप और सैफ चैम्पियनशिप जीतने के बाद कोच इगोर स्टिमक की भारतीय टीम को किंग्स कप, एशियाई खेल, मेरडेका कप और एएफसी एशियाई कप खेलना है। एशियाई कप में भारत (18वीं रैंकिंग) को ऑस्ट्रेलिया (एएफसी तीसरी रैंकिंग), उजबेकिस्तान (10वीं) और सीरिया (14वीं) जैसी टीमों के साथ कठिन ड्रॉ मिला है। डिफेंडर प्रीतम कोटाल ने ' इन द स्टैंड्स' के ताजा एपिसोड में कहा, अब खिलाड़ियों की सोच बदल गई है। हम किसी टीम से डरते नहीं हैं। हम मुकाबला करते हैं। ऑस्ट्रेलिया हो, उजबेकिस्तान या सीरिया।

मोहन बागान को अपनी कप्तानी में पिछले सत्र में पहला आईएसएल खिताब दिलाने वाले कोटाल ने कहा, हमें यकीन है कि इस साल हम कुछ अलग करेंगे। हम व्यक्तिगत स्तर पर और टीम के रूप में भी ऐसा करने की कोशिश करेंगे। हम अपने प्रशंसकों से यही कहना चाहेंगे कि भारतीय टीम का साथ देते रहें।

## ऋषभ पंत ने नुमाइशी मैच में की बल्लेबाजी, हो रहा है सुधार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** ऋषभ पंत की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का सभी को इंतजार है और इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने स्वतंत्रता दिवस पर एक नुमाइशी मैच में कुछ गेंद खेलकर सकारात्मक संकेत दिए। पिछले साल दिसंबर में देहरादून दिल्ली राजमार्ग पर कार दुर्घटना में बुरी तरह घायल होने के बाद से पंत क्रिकेट से दूर हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर एक प्रशंसक द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में पंत को क्रीज से बाहर निकलकर गेंद को मैदान से बाहर पीटते दिखाया गया है। इसके साथ ही इस वीडियो में दर्शकों का शोर भी सुनाई दे रहा है। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन में जुटे पंत ने बेंगलूरु के करीब एक खेल परिसर में जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया था। उन्होंने कहा, आप बड़े होते हैं तो खेल से प्यार करना छोड़ देते हैं। इसका कारण है कि काफी दबाव है। आप जीवन में सर्वश्रेष्ठ करना चाहते हैं और बहुत कुछ करना चाहते हैं। लेकिन लाइफ में इंजॉयमेंट नहीं छोड़ना है। पंत आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हैं जिसके सह मालिक जेएसडब्ल्यू समूह हैं।




## हरियाणा के मंत्री पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली महिला कोच निलंबित

**चंडीगढ़/भाषा।** हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने वाली एक जूनियर एथलेटिक्स कोच को आचरण नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में सेवा से निलंबित कर दिया गया है। हरियाणा के खेल विभाग के निदेशक यशेन्द्र सिंह ने 11 अगस्त को निलंबन के आदेश जारी किए। सूत्रों ने बताया महिला कोच को कथित अनुशासनहीनता व सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन के आरोप में निलंबित किया गया है। आदेश के अनुसार, जूनियर एथलेटिक्स कोच की सेवाओं को बिना किसी पूर्वाग्रह के तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। आदेश में कहा गया, निलंबन की अवधि में वह हरियाणा सिविल सेवा (सामान्य) नियम 2016 के अंतर्गत नियम 83 के तहत निर्वाह भत्ता पाने की हकदार हैं।

# भ्रष्टाचार,परिवारवाद और तुष्टीकरण के चक्रव्यूह को तोड़ कर विकसित राष्ट्र बनेगा भारत : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आने वाले कालखंड में पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार को देश के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए मंगलवार को कहा कि देशवासियों का एक- एक कदम , एक -एक फैसला 2047 के विकसित भारत के निर्माण की नींव रखेगा और देश को भ्रष्टाचार, परिवारवाद तथा तुष्टीकरण के चक्रव्यूह से बाहर निकालकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

मोदी ने अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले लाल किले की प्राचीर से दसवीं बार देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले नौ वर्षों में देश ने अनिश्चितता, अस्थिरता और राजनीतिक मजबूरी के दौर से बाहर निकलकर दुनिया में अपनी जगह बनायी और दुनिया भी मान रही है कि अब भारत का समय आ गया है।

प्रधानमंत्री ने 77 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर डेढ घंटे से भी अधिक समय तक चले अपने संबोधन में 140 करोड़ देशवासियों को भाई-बहनों या मेरे प्रिय देशवासियों की जगह बार-बार 'मेरे परिवारजनों' कह कर संबोधित किया और कहा कि आने वाला कालखंड देश के हजारों वर्ष के इतिहास को लिखेगा। उन्होंने कहा, अब गेंद हमारे पाले में है, हमें अवसर जाने नहीं देना चाहिए, हमें मौका छोड़ना नहीं चाहिए। भारत में मैं मेरे देशवासियों का इसलिए भी अभिनंदन करता हूं कि मेरे देशवासियों में एक नीर-क्षीर विवेक का सामर्थ्य है, समस्याओं की जड़ों को समझने का सामर्थ्य है और इसलिए 2014 में मेरे देशवासियों ने 30 साल के अनुभव के बाद तय किया कि देश को आगे ले जाना है तो स्थिर सरकार चाहिए, मजबूत सरकार चाहिए, पूर्ण बहुमत वाली सरकार चाहिए, और देशवासियों ने एक मजबूत और स्थिर सरकार बनाई है और तीन दशकों तक जो अनिश्चिता का काल था, जो अस्थिरता का कालखंड था, जो राजनीतिक मजबूरियों से देश जकड़ा हुआ था, उससे मुक्ति मिली। उन्होंने कहा, मेरे शब्द लिखकर के रखिए मेरे प्यारे परिवारजनों इस कालखण्ड में जो हम करेंगे, जो



कदम उठाऐंगे, जितना त्याग करेंगे, तपस्या करेंगे। सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय, एक के बाद एक फैसले लेंगे, आने वाले एक हजार साल का देश का स्वर्णिम इतिहास उससे अंकुरित होने वाला है। इस कालखंड में होने वाली घटनाएं आगामी एक हजार साल के लिए इसका प्रभाव पैदा करने वाली हैं।

मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में देशवासियों से आशीर्वाद और सहयोग मांगते हुए कहा, मेरी नीति साफ है और नीयत पर कोई सवालिया निशान नहीं है। सच्चाई को स्वीकार करके उसके समाधान के लिए आगे बढ़ना होगा। मैं आज आपसे मदद और आशीर्वाद मांगने आया हूं कि देश की समस्याओं को गंभीरता से लेना है। वर्ष 2047 में जब देश आज़ादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब दुनिया में विकसित भारत का तिरंगा फहराएंगे। हमारे संकल्प में रत्ती भर भी कमी नहीं आएगी। उन्होंने कहा, इसके लिए शुचिता, पारदर्शिता और निष्पक्षता पहली जरूरत है। यह हमारा सामूहिक दायित्व है। पचहत्तर साल के इतिहास में भारत का सामर्थ्य कम नहीं हुआ। जो देश सोने की चिड़िया था, वह साल 2047 में देश की आज़ादी के शताब्दी वर्ष में फिर से उसी वैभव से खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में 30 साल से कम आयु के सबसे अधिक लोग भारत में हैं। देश की युवा शक्ति, नारी शक्ति और आम मानवीय की शक्ति पर भरोसा है कि आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर देश वर्ष 2047 में विकसित राष्ट्र बनकर रहेगा। उन्होंने कहा, हमें यह संकल्प लेना है कि वर्ष 2047 में हमारा तिरंगा एक विकसित राष्ट्र का राष्ट्रीय ध्वज होगा। देश आज हमारी माताओं-बहनों के सामर्थ्य से आगे बढ़ा है। आज देश प्रगति की राह पर चल पड़ा है तो हमारे किसान भाई-बहनों का पुरुषार्थ है, यह उनका ही परिश्रम है कि देश आज कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के विकसित राष्ट्र बनने में तीन चुनौतियों को सबसे बड़ी बाधा करार देते हुए सभी से इनसे मिलकर लड़ने का आह्वान किया और कहा कि ये तीन चुनौतियां भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण की नीति हैं और सभी को इनके सफाये के लिए संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि वह इन समस्याओं को जड़ से मिटाने के लिए निरंतर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा, अब आंख बंद करने का समय नहीं है। अगर सपनों को सिद्ध करना है, संकल्प को पार करना है तो हमें यह आंख-मिचौली बंद करके आंख में आंख मिला करके तीन बुराइयों से लड़ना समय की मांग है। हमारे देश की सारी समस्याओं की जड़ में भ्रष्टाचार ने दीमक की तरह देश की सारी व्यवस्थाओं को, देश के सारे सामर्थ्य को पूरी तरह नोंच लिया है। भ्रष्टाचार से मुक्ति, भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग हर इकाई में हर क्षेत्र में और मैं देशवासियों, मेरे प्रिय परिवारजनों, यह मोदी के जीवन का कमिटमेंट है, यह मेरे व्यक्तित्व का एक कमिटमेंट है कि मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहूंगा।

## सुविचार

**जो इंसान यह कहता है मैंने जीवन में कभी गलती नही की, तब समझ लेना की उस इंसान ने कभी कुछ नया करने की कोशिश ही नही की।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# संकेतों को समझें

हाल में अयोध्या के आस-पास के जिलों से जिस तरह आईएसआई के एजेंट और स्लीपर सेल गिरफ्तार हुए हैं, उसके संकेतों को समझने की जरूरत है। इससे कई सवाल भी पैदा होते हैं। जब उच्चतम न्यायालय ने नवंबर 2019 में ऐतिहासिक फैसला सुनाकर अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण का रास्ता साफ कर दिया था, तब से ही पाकिस्तान में कट्टरपंथी बौखलाए हुए हैं। उन्होंने वहां कई हिंदू मंदिरों को नुकसान भी पहुंचाया है। पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई इसे एक सुनहरे मौके के तौर पर देख रही है। बहुत संभव है कि वह सरहद के दोनों ओर ऐसे तत्त्वों पर डोरे डाले, जिन्हें सांप्रदायिकता के नाम पर भड़काना आसान हो। यह न भूलें कि सोशल मीडिया पर आईएसआई के एजेंट कई अकाउंट बनाकर सक्रिय हैं। भारतीय खुफिया एजेंसियां उनका खुलासा कर चुकी हैं। आईएसआई इस ऑनलाइन फरेब में महिला एजेंटों का खूब इस्तेमाल कर रही है, जो खुद को भारतीय बताकर सामान्य युवकों से लेकर बड़ी उम्र के वैज्ञानिक तक को अपने मोहपाश में फंसा चुकी हैं। पिछले कुछ दिनों में उप्र-एटीएस ने जिन लोगों को आईएसआई का एजेंट और स्लीपर सेल होने के आरोप में गिरफ्तार किया, वे बेहद सामान्य पृष्ठभूमि से हैं। उन्हें देखकर कोई अंदाजा भी नहीं लगा सकता कि इनके आईएसआई से संबंध रहे होंगे, लेकिन अधिकारियों को उनके खिलाफ सबूत मिले हैं। अभी श्रीराम मंदिर के निर्माण का कार्य जारी है। अगले साल जब उसका उद्घाटन होगा तो वह क्षण अद्भुत होगा। दुनियाभर के करोड़ों रामभक्त विभिन्न माध्यमों से उसके साक्षी होंगे। लेकिन हाल में जिस तरह आस-पास के जिलों से एक के बाद एक आईएसआई के एजेंट और स्लीपर सेल गिरफ्तार किए गए हैं, उससे यह भी पता चलता है कि शत्रु देश की आंखों में भारत का सद्भाव बुरी तरह खटक रहा है। 'रंग में भंग डालना' पाक की पुरानी फ़ितरत है, लिहाज़ा भारत को सतर्क रहना होगा। विशेष रूप से भारतीय खुफिया एजेंसियों को गहरी नज़र रखते हुए खूब तालमेल से काम करना होगा।


उप्र-एटीएस ने जिस तरह आईएसआई के जाल का पर्दाफाश किया है, उसके लिए इसके अधिकारियों का कार्य प्रशंसनीय है। उप्र पुलिस पूर्व में भी आईएसआई के नापाक इरादों को नाकाम कर चुकी है। उप्र पुलिस के इंटेलिजेंस मुख्यालय ने जुलाई में पाकिस्तान के इंटेलिजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) से संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट्स की जानकारी साझा की थी। यह देखकर हैरानी हुई कि उनसे भारतीय युवक बड़ी संख्या में जुड़े हुए थे और उनकी 'ख़ूबसूरती' की तारीफों के पुल बांध रहे थे। युवाओं को मालूम होना चाहिए कि हमारा पड़ोसी देश जिस तरह की चालें चल रहा है, उनमें वे (जाने-अनजाने) इस्तेमाल हो सकते हैं। आईएसआई उन नए-नए हथकंडों पर काम करती रहती है, जिससे वह भारतवासियों से संवेदनशील जानकारी निकलवा सके। पिछले दिनों आर्मी पब्लिक स्कूलों समेत कई स्कूलों के विद्यार्थियों को फोन कॉल और वॉट्सऐप संदेश मिलने का मामला सामने आया था, जो उन्हें सोशल मीडिया पर किसी खास ग्रुप से जुड़ने और संवेदनशील जानकारी साझा करने के लिए कह रहे थे। जिन नंबरों से कॉल और संदेश मिल रहे थे, उनका संचालन करने वाले लोग खुद को स्कूल शिक्षक बता रहे थे और विद्यार्थियों से कह रहे थे कि 'क्लास के नए ग्रुप' से जुड़ जाएं। वे उन्हें ओटीपी भी भेज रहे थे। जब कोई विद्यार्थी उस ग्रुप से जुड़ जाता तो उसे संवेदनशील जानकारी साझा करने के लिए कहा जाता। बाद में पता चला कि इनके पीछे शत्रु एजेंसियों का हाथ है। अगर कोई विद्यार्थी उन्हें अनजाने में ही अपने माता-पिता के कार्यस्थल, संपर्क सूत्र, स्कूल की दिनचर्या और समय, शिक्षकों के नाम, वर्दी आदि के बारे में जानकारी दे दे तो उसका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसलिए सोशल मीडिया पर विशेष सावधानी बरतनी जरूरी है। किसी भी अनजान व संदिग्ध व्यक्ति के साथ कोई जानकारी साझा न करें। इससे शत्रु एजेंसियों के मंसूबों को नाकाम करने में मदद मिलेगी। जो लोग जानबूझकर शत्रु एजेंसियों को मदद पहुंचाएंगे, देश की सुरक्षा व सद्भाव से खिलवाड़ करेंगे, वे देर-सबेर पकड़े ही जाएंगे।

## ट्वीटर टॉक



मेरे प्रेरणापुंज, देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर सादर श्रद्धासुमन। एक युगपुरुष के रूप में उनकी जीवनी, आदर्श एवं सिद्धांत सदैव हमारा मार्गदर्शन करेगी तथा राष्ट्रप्रेमियों को युगों-युगों तक सर्वजन हिताय का पाठ पढ़ाती रहेगी।

**-वसुंधरा राजे**



राशमी (चितौड़गढ़) के रूद गांव निवासी वीर सपूत लादूलाल जी सुखवाल के लेह - लद्दाख में शहीद होने की खबर अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान एवं परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करें।

**-दिया कुमारी**



नवरोज की पारसी भाई-बहनों व देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ। नूतन वर्ष आपके जीवन में खुशहाली,समृद्धि और सफलताएं लेकर आए। आज हम सभी सद्भावना और एकता के साथ सामूहिक प्रयासों से देश को आत्मनिर्भर बनाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का संकल्प दोहराएं।

**-ओम बिरला**

## प्रेरक प्रसंग

# राष्ट्रभक्ति का गौरव

अपने जमाने के महान इतिहासकार, स्वाधीनता सेनानी, तेजस्वी पत्रकार तथा 'कर्मयोगी' के संपादक पंडित सुंदरलाल द्वारा लिखित 'भारत में अंग्रेजी राज' ग्रन्थ को सन 1929 में प्रकाशित होते ही अंग्रेजों ने जब्त कर लिया था। इस ग्रंथ में पंडित जी ने अंग्रेजों द्वारा भारतीय जनता पर ढाए गए अमानवीय अत्याचारों का रोमांचकारी वर्णन किया था। सुविख्यात वकील तेजबहादुर सप्रू ने इस ग्रंथ को जब्त किए जाने के विरुद्ध इलाहबाद उच्च न्यायालय में मामला दर्ज किया।

अंग्रेज न्यायाधीश ने ग्रंथ का अवलोकन करने के बाद कहा, 'मिस्टर सुंदरलाल, जिस अंग्रेजी राज ने भारत को विकसित और समृद्ध किया, उसे अत्याचारी लिखते हुए आपको शर्म नहीं आती?' पंडित सुंदरलाल जी ने उत्तर दिया, 'श्रीमन, जिन विदेशी अंग्रेजों ने मेरी मातृभूमि को गुलाम बनाया हुआ है, यहां के नागरिकों पर बर्बर अत्याचार किये हैं, उनके कुकृत्यों को दुनिया के सामने रखने के अपने कर्तव्यपालन में मुझे शर्म नहीं गौरव की अनुभूति हो रही है।' ये शब्द सुनते ही अंग्रेज न्यायाधीश निःशब्द हो गए।

## सामयिक

# लालकिले से प्रधानमंत्री के मन की बात

ऋतुपर्ण दवे
मोबाइल : 9302640933



लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस बार का उद्बोधन काफी अलग था, बल्कि यूँ कहें कि नए मिजाज और नए रिवाज साथ के साथ मन की बात तो गलत नहीं होगा। हर बार से अलग 'परिवारजनों' शब्द बोलकर शुरुआत कर इतना संकेत तो दे दिया था कि वो न केवल अलग बोलेंगे बल्कि ऐसा जिसके राजनीतिक मायने बहुत गहरे होंगे। वही हुआ। अपनी सरकार की उपलब्धियों का खाका खींचते हुए बड़ी बेबाकी से 2014 से अब तक के सफर पर प्रकाश डाला। मणिपुर का भी जिक्र कर जताया कि वो भी उतने चिंतित हैं जितने दूसरे। गुलामी के एक हजार वर्षों की बात कह उन्होंने कहा कि हम ऐसे संधिकाल में हैं जहाँ आगे के हजार साल की दिशा तय करनी है। युवाओं का कई बार जिक्र कर भरोसा जताते हुए कहा दुनिया में भारत अकेला ऐसा देश है जहां 30 वर्ष के युवा जनसंख्या में अधिक हैं, यही हमारी ताकत हैं। इनकी कोटि-कोटि भुजाएं और मस्तिष्क की क्षमताएँ देश को दुनिया में अलग स्थान देने तत्पर है। विश्व इन प्रतिभाओं से चकित है क्योंकि तकनीक के दौर में इनके टेलेण्ट से हम दुनिया में नई भूमिका में होंगे। महानगरों से लेकर दूर-दराज छोटे कस्बों में भी डिजिटल इण्डिया की धूम युवाओं के कमाल से है। प्रधानमंत्री को सुनने भारत के सीमावर्ती इलाकों के 600 गांवों के प्रधान भी आमंत्रित थे जिनका जिक्र करते हुए कहा कि जो कभी सीमावर्ती गांव होते थे आज वो पहली पंक्ति के हैं। ऐसा बदलाव बड़ी इच्छा शक्ति से संभव हो पाया है।

गठित नए मंत्रालयों की जरूरत बताते हुए कहा कि इससे कैसे-कैसे परिवर्तन और बेहतरी होगी। घर-घर पेयजल, पर्यवारण में सुधार के साथ मत्स्य पालन, पशु पालन, डेयरी उद्योग की बेहतरी होगी। सहकारिता मंत्रालय से अलग-अलग तबकों को फायदा होगा। जब उनकी सरकार 2014 में सत्ता आई थी तब दुनिया में हमारी वैश्विक अर्थव्यवस्था दसवें क्रम पर थी, आज पांचवें पर है। हरित ऊर्जा, सौर्य ऊर्जा, वंदेभारत-बुलेट ट्रेन, बेहतर सड़कें, इलेक्ट्रिक बसें, 5-जी, क्वांटम कंप्यूटर, नैनो यूरिया, जैविक खेती उपलब्धियां हैं। उन्होंने बड़े आत्मविश्वास से कहा जिसका हम शिलान्यास करते हैं उसका उद्घाटन भी करते हैं। बड़ा सोचना और दूर का सोचना हमारी कार्यशैली है। 200 करोड़ वैक्सीनेशन पूरा करने का सामर्थ्य दुनिया के लिए उदाहरण है। 75 हजार अमृत सरोवर की कल्पना साकार होने वाली है। निश्चित रूप से जलशक्ति, जनशक्ति से पर्यावरण की दिशा में भी भारत बहुत आगे जा चुका है। अगले महीने से एक नई विश्वकर्मा योजना का एलान भी किया। इस दिन 13-15 हजार करोड़ रुपये से इसके जरिए पारंपरिक कौशल में लगे लोगों को मदद पहुंचेगी। नई संसद का जिक्र करते हुए कहा पुरानी संसद में कम जगह की चर्चा तो पिछले 25 सालों से हमेशा होती थी लेकिन नई संसद को पूरा कर दिखाने का सामर्थ्य मोदी ने ही दिखाया। उन्होंने कहा नया भारत न रुकता है, न थकता है न हाँफता है, न हारता है, इसीलिए सीमाएं सुरक्षित हुईं। सेना में बदलावों से ही सुरक्षा की अनुभूति हुई है। आतंकी-नक्सली हमलों में जबरदस्त कमीं का बड़ा परिवर्तन दिखा। अपने सपने का घर हर कोई बनाना चाहता है। पैसों की दिक्कत के कारण पूरा नहीं हो पाता और मजबूरी में किराए के घर में रहना पड़ता है। इनके लिए सरकार की भावी योजना आ रही है जिसमें ब्याज पर लाखों रुपए की राहत मिलेगी।

भारतीय महिलाओं की विशेष चर्चा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया इनका सामर्थ्य देख दंग है। अब कृषि के क्षेत्र में ड्रोन संचालन में भी महिला स्व-सहायता समूहों की बड़ी भूमिका होगी। इससे एग्रीटेक क्षेत्र में नई क्रान्ति होगी। भारत द्वारा दिए गए नारे वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड तथा भारत की मेजबानी और जी-20 का दिया नारा वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर का खास जिक्र किया। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को मातृभाषा में भी उपलब्ध कराने पर आभार जताया। अब जजमेंट का ऑपरेटिव पार्ट आवेदक की स्थानीय भाषा में मिलेगा। वर्ष 2023 में 10वीं बार प्रधानमंत्री मोदी ने लालकिले के प्राचीर से दिए गए उनका भाषण 90 मिनट का था। 2022 में 84 मिनट 4 सेकेण्ड, 2021 में 88 मिनट, 2020 में 86 मिनट, 2019 में 92 मिनट, 2018 का 82 मिनट, 2017 में 57 मिनट, 2016 में 94 मिनट, 2015 में 86 मिनट तथा 2014 में 65 मिनट का भाषण दिया था। सबसे छोटा भाषण 2017 में दिया था जबकि सबसे बड़ा भाषण 2016 में दिया। एक गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 10 बार भाषण देकर प्रधानमंत्री ने कुल 13 घण्टे 46 मिनट 4 सेकेण्ड तक लालकिले की प्राचीर से देश को संबोधित किया।

'उनका दो बार कहना 'मेरे शब्द लिखकर रख लीजिए' बड़े इशारे हैं। पहली बार मेरे शब्द लिखकर रख लीजिए, इस कालखंड में हम जो करेंगे, जो कदम उठाएंगे, त्याग करेंगे, तपस्या करेंगे उससे आने वाले एक हजार साल का देश का स्वर्णिम इतिहास उससे अंकुरित होने वाला है।' 'दूसरी बार कहा इन दिनों जो मैं शिलान्यास कर रहा हूं, आप लिखकर रख लीजिए, उनका उद्घाटन भी आप सब ने मेरे नसीब में छोड़ा हुआ है।' प्रधानमंत्री ने स्वयं अपनी रणनीतिक आक्रामक व तिलमिला देने वाली शैली के तहत भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण के खिलाफ पूरे सामर्थ्य से लड़ने की बात कहने के साथ ही 2024 में भी लालकिले से फिर संबोंधन की बात कह विपक्ष पर जो तगड़ा प्रहार किया है उस पर एक अलग बहस तय है। जब आप यह पढ़ रहे होंगे तब तक तेजी से चर्चा भी शुरू हो चुकी होगी।

इतना तो साफ है कि कहीं न कहीं प्रधानमंत्री ने 2024 की जबरदस्त तैयारियों के संकेत भी दिए। 2014 में सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों का नाम लेकर सभी को देश की उपलब्धियों से जोड़ने वाले नरेन्द्र मोदी 2023 में बेहद बदले, अलग व सख्त तेवर में दिखे। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर बोलने के मायने बहुत गहरे हैं। खास ब्यूरोक्रेट्स को इसका श्रेय देना और जताना कि मेरे लाखों हाथ-पैर देश के कोने-कोने में सरकार की जिम्मेदारियाँ बखूबी निभा रहे हैं कहना बड़ी राजनीतिक चतुराई है। यह विश्वास जताना क्या बताता है कहने की जरूरत नहीं। अब इसे 2024 का शंखनाद कहे, चुनावी भाषण या देश की मौजूदा तस्वीर। हां इतना तो है कि लालकिले से इस बार मोदी ने मन बात जरूर कही है।

## नजरिया

# भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण ने देश को नोचा

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 9414441218



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ने तीन बुराइयों पर जमकर हमला बोलते हुए जनता से इन्हें समाप्त करने के किए सहयोग माँगा। प्रधान मंत्री लाल किले से देशवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा भ्रष्टाचार ने हमारे देश को दीमक की तरह नोंच लिया है। लेकिन ये मोदी के जीवन का कमिटमेंट है कि मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहूंगा। दूसरा, परिवारवाद ने हमारे देश को नोंच लिया है। परिवारवाद ने जिस तरह से देश को जकड़ रखा है, इसने लोगों का हक छीना है। तीसरी बुराई तुष्टिकरण की है। तुष्टिकरण ने देश की मूलभूत चिंतन को, हमारे राष्ट्रीय चरित्र को दाग लगा दिए हैं. तहस-नहस कर दिया है. इसलिए हमें इन बुराइयों- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण के साथ पूरे सामर्थ्य के साथ लड़ना है। इन तीन बुराइयों से मुक्ति पाना है।

आज़ादी के बाद से ही देश की सियासत में परिवारवाद का डंका बजता रहा है। इनमें सबसे बड़ा सियासी परिवार नेहरू-गांधी का है जिसकी पांचवीं छठी पीढ़ी राजनीति में सक्रीय है। कहने का मतलब है मोतीलाल नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक सियासी समर में सक्रिय है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों परिवारवादियों से खासे खफा है। प्रधानमंत्री परिवारवाद को लेकर विरोधियों पर जमकर हमला बोल रहे है। मोदी कहते है परिवारवाद की वजह से ही देश के युवाओं को, देश की प्रतिभाओं को राजनीति में आने का अवसर भी नहीं मिलता है। परिवारवाद उनके हर सपनों को कुचलता है, उनके लिए हर दरवाजा बंद करता है। इसलिए, आज 21वीं सदी के भारत के लिए परिवारवाद से मुक्ति, परिवारवादी पार्टियों से मुक्ति एक संकल्प भी है।

भारत में भ्रष्टाचार ने लगता है संस्थागत रूप धारण कर लिया है। देश और विदेश की अनेक जानी मानी संस्थाओं ने समय समय पर जारी अपनी रिपोर्टों में यह जाहिर किया है की लाख प्रयासों के बाद भी भारत में भ्रष्टाचार कम होने के बजाय बढ़ा है। भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने खुलेआम यह कहा है की वे न तो खाएंगे और न खाने देंगे। मोदी अपनी बात पर कायम रहे मगर भ्रष्टाचार पर काबू नहीं पाया जा सका है। हमारे देश में भ्रष्टाचार इस हद तक फैल चुका है कि इसने समाज की बुनियाद को ही बुरी तरह हिला कर रख दिया है। जब तक मुट्ठी गर्म न की जाए तब तक कोई काम ही नहीं होता। भ्रष्टाचार एक संचारी बीमारी की भांति इतनी तेजी से फैल रहा है कि लोगों को अपना भविष्य अंधकार से भरा नजर आने लगा है और कहीं कोई भ्रष्टाचार मुक्त समाज की उम्मीद नजर नहीं आरही है। मंत्री से लेकर संतरी और नेताओं तक पर भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे है। हालात इतने बदतर हैं कि निजी क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। सिविल सोसाइटी और मीडिया के दवाब में सरकारी एजेंसियां भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम तो दे रही हैं मगर उनकी गति बेहद धीमी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भाजपा ने तय किया है कि वह तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति के बजाए संतुष्टिकरण के रास्ते पर चलेगी। यह मेहनत वाला रास्ता होता है, पसीना बहाना पड़ता है। भाजपा ने तय किया हमें तुष्टिकरण या वोट बैंक के रास्ते पर नहीं चलना है। हम मानते हैं कि देश का भला करने का रास्ता तुष्टिकरण नहीं है।

## चिंतन

# महाराष्ट्र की राजनीति के भविष्य का अनुमान आसान नहीं

अशोक भाटिया
मोबाइल : 9221232130

कहा जाता है कि राजनीति में कब क्या हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ दिया और भाजपा के साथ मिल गए। एकनाथ शिंदे ने जब उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ा तो महाराष्ट्र की राजनीति में खूब घमासान मचा और कई बयान सामने आये जिसमें एकनाथ शिंदे की जमकर आलोचना की गई। इसके बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी उद्धव ठाकरे की आलोचना करने का कोई मौका नहीं छोड़ा। अब महाराष्ट्र की राजनीति में फिर से हलचल है। आखिर अजीत पवार बार-बार शरद पवार से मुलाकातें क्यों कर रहे हैं। क्या भारतीय जनता पार्टी को इन मुलाकातों से अनजान हैं। कहा जा रहा है कि अजीत पवार की कोशिश शरद पवार को अपने साथ लाने की है, वह चाहते हैं कि एनसीपी एकजुट हो कर रहे, लेकिन शरद पवार मान नहीं रहे, उन्होंने इस बार भी अजीत पवार को दो-टूक जवाब दिया है कि वह भाजपा के साथ कभी नहीं जाएंगे।

जब राजनीति में शरद पवार के 50 साल पूरे होने का पुणे में जश्न मनाया गया तो पवार को सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस दोनों मौजूद थे। पवार और मोदी दोनों ने एक दूसरे की तारीफ़ की, मोदी ने यहां तक कहा कि राजनीति के शुरुआती दिनों में पवार ने उनका साथ दिया था। तब शरद पवार ने उनकी तारीफ़ करते हुए कहा था कि वह मोदी के काम करने के तरीके से आश्चर्यचकित हो जाते हैं, कल वह जापान में थे और सुबह वह गोवा गये, दोपहर में बेलगाम आये और अब वह वीएसआई पूना में हैं। मुझे नहीं पता कि वह रात में कहां जा रहे हैं। पवार ने कहा यह देश के हित के प्रति उनकी पूर्ण प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके कुछ महीने बाद ही मोदी सरकार ने जनवरी 2017 में शरद पवार को पद्म विभूषण से सम्मानित किया था। अब यह बात किसी के पल्ले नहीं पड़ रही कि अजीत पवार की मुलाकातें शरद पवार को भाजपा के साथ लाने की कोशिशों का हिस्सा है। कुछ दिन पहले जब अजीत पवार और अन्य मंत्री अचानक शरद पवार से मिलने पहुंच गए थे, तो सुप्रिया सुले को समझ नहीं आया था कि यह क्या हो रहा है। उन्हें डर था कि अजीत पवार दबाव डाल कर शरद पवार से कुछ गलत न करवा लें, इसलिए उन्होंने फोन करके महाराष्ट्र एनसीपी के अध्यक्ष जयंत पाटिल को बुला लिया था, लेकिन शनिवार 12 अगस्त को पुणे में हुई गोपनीय बैठक में जयंत पाटिल भी मौजूद थे। कहा जाता है कि शरद पवार दोस्त और दुश्मन दोनों को बेहतर साधना जानते हैं। पवार के लिए मशहूर है कि दोस्त से ज्यादा वो दुश्मनों को अपने नजदीक रखने की कला जानते हैं। यही वजह है कि पवार कब किसके साथ हैं इसका अंदाजा महाराष्ट्र की अघाड़ी सहित देश की विपक्षी पार्टियां भी नहीं लगा पा रही हैं। शरद पवार के एक फैसले ने विपक्षी एकता की मजबूती की कलई पूरे देश के सामने खोल दी है। लेकिन विपक्षी पार्टियां इतनी मजबूर हैं कि वो विरोध का स्वर तेज भी नहीं कर पा रही हैं। पवार की दो नाव पर चलने की यही सलाहियत उन्हें पानी में डूबने नहीं देती है। लेकिन शरद पवार के इस फैसले से विपक्षी एकता की नैया पार होने से पहले ही डूबती नजर आ रही है।

दरअसल शरद पवार और प्रधानमंत्री की एक मंच पर कैमिस्ट्री देखकर विपक्षी पार्टियां हिल गई हैं। विपक्षी दलों के कई नेता इस मुलाकात के बाद शरद पवार के रवैये से उलझन में हैं। ज़ाहिर है शरद पवार वाकई विपक्षी एकता के गठबंधन में बने रहेंगे या नहीं इसको लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी के साथ मंच साझा करने के अगले दिन बुधवार को शरद पवार दिल्ली में आई.एन.डी.आई.ए. की बैठक में भी नजर आए। बावजूद इसके शरद पवार की कई गतिविधियां विपक्षी नेताओं के मन में संदेह पैदा कर रही हैं।

अजित पवार गुट के एनसीपी से अलग होने के बावजूद अजित गुट पर कोई कार्रवाई नहीं करने को लेकर उद्धव ठाकरे की शिवसेना सहित कांग्रेस और तमाम अन्य पार्टियां असमंजस की स्थिति में हैं। ज़ाहिर है शरद पवार का भतीजे के प्रति प्रेम और टूट के बाद दो बार अजित गुट के कुनबे से मुलाकात और फिर प्रधानमंत्री मोदी के साथ मंच साझा करना विपक्षी पार्टियों का मनोबल नीचा कर रहा है। इसलिए आज बुधवार को शरद पवार गुट के एनसीपी अध्यक्ष जयंत पाटिल के साथ इस विषय पर कांग्रेस और उद्धव की शिवसेना की मुलाकात होने वाली है जिसमें शरद पवार के एसीपी गुट के फैसले को लेकर गंभीर मंत्रणा होने की उम्मीदे हैं। कहने को भले ही महाराष्ट्र विधानसभा में रणनीति बनाने को लेकर ये मुलाकात हो रही है लेकिन शरद पवार की एनसीपी गुट का रुख क्या रहने वाला है इस पर कांग्रेस और उद्धव की शिवसेना गहरी मंत्रणा जरूर करने जा रही है।

एनसीपी का दबदबा 11 लोकसभा सीटों पर बताया जाता है। अजित गुट के अलग होने के बावजूद भाजपा शरद पवार को अपने पक्ष में करने की रणनीति पर काम कर रही है। भाजपा महाराष्ट्र में अपने टार्गेट को हर हाल में पूरा करना चाहती है। भाजपा के इंटरनल सर्वे में लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में 20 से 24 सीटें मिलने की उम्मीद है। वहीं शिदें गुट की शिवसेना चार से पांच सीटें से ज्यादा एनडीए को जिताने में सफल नहीं रहने वाली है। इसलिए भाजपा मानती है कि शरद पवार और अजित पवार की एनसीपी इकट्ठा भाजपा के साथ आ जाती है तो भाजपा अपने 45 सीटों के लक्ष्य को आसानी से पूरा कर लेगी और केंद्र में तीसरी बार सत्ता पाने के लक्ष्य को पूरा कर सकेगी।

शरद पवार 27 साल में पहली बार एमएलए बने थे और इमरजेंसी में इंदिरा गांधी का विरोध कर कांग्रेस से अलग राह अख्तियार कर दोबारा 1980 में साथ आ चुके हैं। वर्ष 2003 में सोनिया गांधी के विदेशी मूल के होने की वजह से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का विरोध करने वाले शरद पवार साल 2004 से 2014 तक यूपीए में केंद्रीय मंत्री बने रहे हैं। ज़ाहिर है शरद पवार की सियासी चाल को समझ पाना उनके दोस्त और विरोधी दोनों के लिए आसान नहीं रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साल 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद शरद पवार को अपना राजनीतिक गुरू बता चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ शरद पवार की बेहतरीन कैमिस्ट्री किसी से छुपी नहीं है। इसलिए शरद पवार ऐन वक्त पर क्या करेंगे इसको लेकर विपक्षी पार्टियों में असमंजस की स्थिति बरकरार है। विपक्षी पार्टियों की असमंजस की स्थिति का फायदा भाजपा उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी, ये आशंका उद्धव गुट की शिवसेना पहले भी ज़ाहिर कर चुकी है। ज़ाहिर है शरद पवार की राजनीतिक लीला जो भी हो लेकिन शरद पवार के एक फैसले से विपक्ष का कुनबा मजबूत होने से पहले ही दरकता दिख रहा है।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# हर्षोल्लास से मनाया गया 77वां स्वतंत्रता दिवस

## दपरे महाप्रबंधक ने राष्ट्र की सेवा में रेलवे के योगदान का जिक्र किया





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बली/दक्षिण भारत। दक्षिण पश्चिम रेलवे (दपरे) के महाप्रबंधक संजीव किशोर ने मंगलवार को 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यहां रेल सौधा में तिरंगा फहराया। इस दौरान उन्होंने कुछ प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए इस बात पर खुशी जाहिर की कि दपरे ने वर्ष 2022-23 में केपीआई में सभी क्षेत्रीय रेलवे के बीच पहला स्थान हासिल किया है। रेल मंत्रालय द्वारा 'स्वच्छता पखवाड़ा 2022' के दौरान दपरे को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला रेलवे जोन भी घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि अप्रैल से जुलाई 2023 की अवधि (यानी, वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही) के दौरान, दपरे ने 2,760 करोड़ रुपए का सकल मूल राजस्व दर्ज किया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 12 प्रतिशत ज्यादा है।

उन्होंने उल्लेख किया कि दपरे ट्रेन परिचालन में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। जनवरी से जुलाई, 2023 की अवधि में 21 लेवल क्रॉसिंग गेट बंद कर दिए गए, 06 रोड ओवर ब्रिज और 16 रोड अंडर ब्रिज का काम पूरा कर लिया गया है। इसी अवधि में 26 पुलों का जीर्णोद्धार किया गया है।

संजीव किशोर ने बताया कि दपरे ने पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता की दिशा में कई पहल की हैं। वर्ष 2023 में 442 किलोवाट क्षमता के सौर पैनल स्थापित किए गए, जिससे जोन की कुल क्षमता 5348 किलोवाट तक बढ़ गई है।

इससे बिजली शुल्क पर प्रति वर्ष लगभग 2 करोड़ रुपए की बचत हुई है। महाप्रबंधक ने पूरे दपरे के कार्यबल की उनकी प्रतिबद्धता के लिए सराहना की। मुख्य अतिथि के संबोधन के बाद एसडब्ल्यूआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ हाई स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसमें अतिरिक्त महाप्रबंधक यू सुब्बा राव, दक्षिण पश्चिम रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।



### तिरंगा फहराया, परेड का निरीक्षण किया

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। दक्षिण पश्चिम रेलवे के बेंगलूरु मंडल द्वारा रेलवे इंस्टीट्यूट ग्राउंड में %%वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक योगेश मोहन ने बतौर मुख्य अतिथि तिरंगा फहराया। उन्होंने आरपीएफ, स्काउट्स और गाइड्स की परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल से गार्ड ऑफ ऑनर लिया और दपरे के महाप्रबंधक द्वारा भेजा गया स्वतंत्रता दिवस संदेश पढ़ा। केन्द्रीय विद्यालय, शामा विद्या शाला एवं स्टेपिंग स्टोन के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा डॉग शो भी समारोह का हिस्सा था।

दक्षिण पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन (एसडब्ल्यूआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) की बेंगलूरु मंडल अध्यक्ष शिखा अग्रवाल ने संगठन सदस्यों के साथ रेलवे अस्पताल का दौरा किया और मरीजों को फल तथा पेय पदार्थ वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने बेंगलूरु मंडल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शोभा जगन्नाथ और अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों की उपस्थिति में एसडब्ल्यूआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ द्वारा दान किए गए 50 लीटर क्षमता के जल शोधक का भी उद्घाटन किया।





### बुनियादी ढांचे और यात्री सुविधाओं में सुधार पर विशेष जोर

हुब्बली/दक्षिण भारत। दक्षिण पश्चिम रेलवे के हुब्बली मंडल ने रेलवे इंस्टीट्यूट (दक्षिण) क्रिकेट ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक हर्ष खरे थे। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण किया। हर्ष खरे ने कहा कि हुब्बली मंडल निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। अप्रैल से जुलाई 2023 के दौरान, मंडल ने पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 5.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 11.27 मिलियन टन माल ढुलाई की है। जुलाई 2023 के अंत तक अर्जित माल ढुलाई राजस्व 1163 करोड़ रुपए है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल से जुलाई 2023 के दौरान, मंडल ने 101 लाख यात्रियों को परिवहन सुविधा दी और 175 करोड़ रुपए का मूल यात्री राजस्व अर्जित किया। जुलाई के अंत तक मंडल की सकल कमाई 1368 करोड़ रुपए रही, जो पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि है। बुनियादी ढांचे और यात्री सुविधाओं में सुधार पर विशेष जोर दिया जा रहा है। हर्ष खरे ने 24 कर्मचारियों को उनके अनुकरणीय कार्य और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडब्ल्यूआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ-हुब्बली मंडल अध्यक्ष रुचि खरे, अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक संतोष कुमार वर्मा एवं संजय कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त जितेंद्र कुमार शर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।



### स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को याद किया

मैसूरु/दक्षिण भारत। दक्षिण पश्चिम रेलवे के मैसूरु मंडल ने रेलवे स्पोर्ट्स ग्राउंड में 77वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। मंडल रेल प्रबंधक शिल्पी अग्रवाल ने वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों, उनके परिवार के सदस्यों, स्काउट्स और गाइड के सदस्यों और स्कूली विद्यार्थियों की मौजूदगी में तिरंगा फहराया। सभा को संबोधित करते हुए शिल्पी अग्रवाल ने विभिन्न क्षेत्रों में मंडल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को याद किया। शिल्पी अग्रवाल ने परिचालन सुरक्षा के प्रति मंडल की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया और बताया कि विभिन्न सुरक्षा सेमिनार आयोजित किए गए, जिसमें ट्रेन संचालन में शामिल सभी विभागों के 100 प्रतिशत पर्यवेक्षकों को शामिल किया गया। प्रथम पहल में, ऑनलाइन सुरक्षा सेमिनार भी आयोजित किए गए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी वर्गों के फ्रंटलाइन कर्मचारी सुरक्षित काम के तरीकों में पारंगत हों। इसके अतिरिक्त, एक एसएमएस-आधारित सुरक्षा अभियान शुरू किया गया। मैसूरु मंडल ने आपदा प्रबंधन और तैयारियों पर भी ध्यान केंद्रित किया है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, कर्नाटक फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज, राज्य पुलिस और अन्य संगठनों को शामिल करते हुए पूर्ण पैमाने पर मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मंडल ने सुरक्षा के प्रति उनके असाधारण समर्पण के लिए 75 स्टाफ सदस्यों को भी सम्मानित किया। यात्रियों की सुरक्षा पर जोर सर्वोपरि बना हुआ है।



# पावर ग्रिड ने इंटर रीजन ब्रिज टूर्नामेंट का आगाज किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुवनंतपुरम। महारत्न पीएसयू पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. ने 16 से 18 अगस्त के दौरान होने वाले इंटर रीजन ब्रिज टूर्नामेंट का हाईसिंथ होटल में आगाज़ किया।

पावर ग्रिड के कार्यकारी निदेशक (दक्षिणी क्षेत्र-द्वितीय) तरुण बजाज ने इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्टेशन आई/सी त्रिवेन्द्रम एसएस दक्षिणी क्षेत्र-द्वितीय महाप्रबंधक जयश्री टीजे भी मौजूद थीं। टूर्नामेंट की मेजबानी पावर ग्रिड के दक्षिणी क्षेत्र-द्वितीय द्वारा की जा रही है।

इसमें दक्षिणी क्षेत्र-द्वितीय, दक्षिणी क्षेत्र-प्रथम, पश्चिमी क्षेत्र-प्रथम सहित विभिन्न क्षेत्रों से 11 टीमें भाग ले रही हैं। हर टीम में सात (पुरुष) प्रतिभागी शामिल हैं। तीन दिवसीय टूर्नामेंट में खिलाड़ी जोड़ी स्पर्धाओं और टीम स्पर्धा चैंपियनशिप के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जो कि ब्रिज फेडरेशन ऑफ इंडिया से संबद्ध केरल ब्रिज एसोसिएशन के तत्वावधान में तिरुवनंतपुरम जिला ब्रिज एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। बताया गया कि खेल को पावर ग्रिड संस्कृति का अभिन्न अंग माना जाता है।

कंपनी अपने कर्मचारियों के साथ सभी प्रतिष्ठानों के स्थानीय समुदायों के युवाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने का प्रयास करती है।

# रेल पहिया कारखाना महाप्रबंधक ने किया जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। रेल पहिया कारखाना (आरडब्ल्यूएफ) में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। महाप्रबंधक अर्चना जोशी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सभा को संबोधित किया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

जोशी ने जारी वित्तीय वर्ष के दौरान 23 जुलाई के आखिर तक आरडब्ल्यूएफ के उत्पादन और अन्य उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। आरडब्ल्यूएफ ने जुलाई 2023 तक 61,722 पहिए, 31753 एक्सल यूनिट और 20536 व्हीलसेट का निर्माण किया है। इसके द्वारा जुलाई 2023 के अंत तक 15.32 करोड़ रुपए का स्क्रैप बेचा गया है, जबकि आनुपातिक लक्ष्य 11.33 करोड़ रुपए है। उन्होंने बताया कि स्टाफ कॉलोनी में 300 लीटर का एसटीपी संयंत्र शुरू हो गया है।

जोशी ने जिम्मेदार नागरिक बनने और ईमानदारी व परोपकार की भावना के साथ देश की सेवा करने का आह्वान किया। इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल, एनसीसी, भारत स्काउट्स और गाइड्स द्वारा मार्च पास्ट किया गया। उसके बाद केंद्रीय विद्यालय के कर्मचारियों और विद्यार्थियों का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। जोशी ने प्ले स्कूल 'चंदामामा' क्रेच में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

### दान



एसडब्ल्यूआर महिला कल्याण संगठन (एसडब्ल्यूआर-डब्ल्यूडब्ल्यूओ) की अध्यक्ष डॉ. वंदना श्रीवास्तव ने केंद्रीय अस्पताल, हुब्बली को दो आरओ व यूवी जल शोधक, रिचार्जेबल टॉर्च और डिजिटल वजन मशीनें दान कीं। मरीजों को फल भी वितरित किए। इसके अलावा, डॉ. वंदना श्रीवास्तव ने एसडब्ल्यूआर-डब्ल्यूडब्ल्यूओ इंग्लिश मीडियम स्कूल, गडग रोड में नवनिर्मित एनेक्सी बिल्डिंग का उद्घाटन किया। 44 लाख रुपए की लागत से निर्मित इस भवन में नया प्रिंसिपल चैंबर, साइंस लैब और एक अतिरिक्त क्लास रूम शामिल हैं। इस दौरान दपरे के महाप्रबंधक संजीव किशोर और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।



### केनरा बैंक ने स्वतंत्रता दिवस मनाया

#### बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ के सत्यनारायण राजू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। देश के सबसे बड़े राष्ट्रीयकृत बैंकों में से एक, केनरा बैंक ने मंगलवार को बेंगलूरु स्थित अपने प्रधान कार्यालय में 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर, बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ के सत्यनारायण राजू ने कार्यकारी निदेशक देबाशीष मुखर्जी और अशोक चंद्रा के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सभा को संबोधित किया। इस दौरान बैंक ने विभिन्न सीएसआर गतिविधियां आयोजित कीं।

### स्वतंत्रता दिवस



आईटीआई लिमिटेड ने मंगलवार को आईटीआई कॉर्पोरेट कार्यालय, आईटीआई सेंट्रल स्कूल और आईटीआई बेंगलूरु प्लांट में देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया, जहां सीएमडी राजेश राय ने तिरंगा फहराया और समारोह में शिरकत की। स्कूली बच्चों ने मार्च पास्ट और विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से उत्साहपूर्वक भाग लिया।



### हिन्दी शिक्षण संघ में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के विक्टोरिया रोड स्थित हिंदी शिक्षण संघ में स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर संघ के महामंत्री शांतिलाल चोपड़ा ने ध्वजारोहण किया। महामंत्री ने संस्थान के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कोषाध्यक्ष इंदरचंद भंसाली ने बच्चों को आजादी के महत्व के बारे में बताया। तेजराज लोढ़ा ने देश के अमर शहीदों पर प्रकाश डाला। संघ के अंतर्गत संचालित संस्थाएं पीयू कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज, इंदिरानगर में प्रभात फेरी का आयोजन हुआ।

पीयू कॉलेज प्राचार्या वाणी मैडम ने बताया कि जन जागरण हेतु प्रभात फेरी निकाली गई। आरटी स्ट्रीट स्थित पतासीबाई लुनिया एवं हुक्मीचंद खींचा हिंदी पाठशाला के बच्चों द्वारा भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इस कार्यक्रम में अशोक कोठारी, उत्तमचंद कोठारी, शांतिलाल लुणावत, मानक लुणावत, मनोहर डुड़ेरिया, पंडित राजगुरु, अनिल भंसाली आदि उपस्थित थे।

बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की पेशकश की। अंत में डीपीएच हाई स्कूल की प्राचार्य रेणुका महेश ने धन्यवाद ज्ञापन किया। जेएफपी श्रीश्रीमाल फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा बच्चों को लड्डू वितरित किए गए।।

# पार्श्वनाथ जैन मंदिर के परिसर में हुआ ध्वजारोहण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गदग। शहर के राजस्थान जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ के तत्वावधान में  पार्श्वनाथ जैन मंदिर के परिसर मे संघ के अध्यक्ष पंकज बाफ़ना ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य मे ध्वजारोहण करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। साध्वी परागप्रभाजी ने कहा कि पूरे विश्व में भारत अपनी संस्कृति और परंपरा के लिये प्रसिद्ध देश है। ये विभिन्न संस्कृति और परंपरा की भूमि है। भारत विश्व की सबसे पुरानी सभ्यता का देश है। अपनी खुद की संस्कृति और परंपरा का अनुसरण करने के द्वारा भारत में लोग शांतिपूर्ण तरीके से रहते हैं। इस अवसर पर संघ के समिति सदस्य हरीश शाह, गौतम खिंवेसरा, निर्मल पारेख, राजेश श्रीश्री माल, सचिन जैन, जितेन्द्र गोलेछा, शांतिलाल बंदा, प्रकाश बाफ़ना, जवाहरलाल बंदा, अरविन्द भंसाली, दिलीप ओस्तवाल, विक्रम गादिया, गौतमचंद कवाड समेत महिला संगठन की कई सदस्याएं उपस्थित थी।



www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

परिवार एक पवित्र तथा उपयोगी संस्था है। इसमें मानव की सर्वांगीण उन्नति का आधार सहयोग, सहायता और पारस्परिकता का भाव रहता है। यह भाव वह शक्ति है जिसके आधार पर मनुष्य आदि- जंगली स्थिति से उन्नति करता करता आज की सभ्य स्थिति में पहुँचा है। सहयोग की भावना ही मनुष्य जाति की उन्नति का मूल कारण रही है। एकता, सामाजिकता, मैत्री आदि की सहयोगमूलक शक्ति ने आज मानव सभ्यता को उच्चता पर पहुँचा दिया है । पूरा समाज सहयोग और पारस्परिकता के बल पर ही चल रहा है।

# 77वां स्वतंत्रता दिवस

**चेन्नई।** यहां देश की आजादी के मौके पर 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन सभी जगह किया गया। सरकारी संस्थान हो या सभा-संस्था, स्कूल आदि सभी सार्वजनिक जगहों पर ध्वजारोहण हुआ। राष्ट्रगान के बाद तिरंगे को सलामी दी गई और उपस्थितों का मुंह मीठा कराया गया।


चेन्नई के सैदापेट में जैन संघ के सदस्यों ने चेन्नई के मीडिल स्कूल के बच्चों के साथ स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। संघ के अध्यक्ष प्रकाश बोथरा के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गई एवं सभी को लड्डू, बिस्कुट, झंडा आदि उपहार स्वरूप दिए गए।


चेन्नई के सनातन धर्म विद्यालय के परिसर में प्रधानाचार्य एस लता ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। योग और खेल प्रतियोगिता के छात्रों को पुरस्कृत किया गया।



यहां अरुम्बाक्कम स्थित द्वारका दास गोवर्धन दास वैष्णव महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अतिथि सी टी एस हॉस्पीटल अन्ना नगर के चिकित्सा अधिकारी और चेयरमैन डॉ. प्रकाश सेलवम ने ध्वजारोहण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य कैप्टन डॉ. एस. संतोष बाबू ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और कॉलेज परिसर में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।


चेन्नई के पेरियामेट में अरिहंत शिव शक्ति अपार्टमेंट में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडारोहण किया गया इस अवसर पर फ्लैट ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद साकरिया सचिव कल्पेश बोकाडिया कोषाध्यक्ष नेमीचंद जैन उपाध्यक्ष रविंद्र जैन, प्रकाश भाई,सुरेश भाई, चैनराज खिवराज, दिलीप, ललित,कैलाश, दिनेश, प्रवीण जैन, महावीर, बसंत जैन आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


चेन्नई के वेपेरी स्थित अग्रवाल विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्यअतिथि वेपेरी पुलिस इंस्पेक्टर आर हेमा ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर विद्यालय के पत्राचारक एनके सिंघला ने सभी का स्वागत किया। सचिव मुरारीलाल सोंथलिया ने स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथि का सम्मान किया। विद्यालय अध्यापिका भुवनेश्वरी के धन्यवाद ज्ञापित किया।


चेन्नई के श्रीचन्द्रप्रभु जैन कॉलेज में सुबह एनसीसी कैडेट्स ले. एएन थिरुनेल्लइ ने एनसीसी ध्वजारोहण किया वहीं प्रिंसिपल डॉ. एन सुजाता ने राष्ट्र ध्वजारोहण किया। सभी ने ध्वज को सलामी दी। समारोह में कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में विजेताओं को सम्मानित किया गया।


चेन्नई में स्वतंत्रता दिवस पर एसएस जैन महिला संघ द्वारा संचालित मांगीकंवर अनराज चोरड़िया जैन नर्सरी एवं प्राइमरी स्कूल में जैतारण पट्टी ओसवाल जैन संघ के अध्यक्ष महावीरचन्द ने ध्वजारोहण किया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तिरुपुर मां दुर्गा भक्त मंडल द्वरा अरुल ज्योति नगर के एनआरके पुरम् मंडल प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया। मां दुर्गा भक्त मंडल कि और से मंडल के अध्यक्ष अशोक शर्मा, उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, एवं समाज के गणमान्य उपस्थित थे।


चेन्नई के साहुकारपेट स्थित राजेन्द्र भवन में मुनि डॉ. वैभवरत्नविजयजी म. सा. की निश्रा में राजेन्द्र ट्रस्ट एवं संघ के पदाधिकारियों ने ध्वजारोहण किया। सभी ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। मुनिश्री ने भी अपने प्रवचन में स्वतंत्रता और उसके मयाने समझाए।


कोयंबटूर के शारदा हिंदू विद्यालय के प्रांगण में गोडवाड जैन संघ व गोडवाड जैन सेवा मंडल के तत्वावधान में स्वाधीनता दिवस धूमधाम से मनाया गया। संघ व मंडल द्वारा विद्यालय की जरूरत को देखते हुए शीतल हितेश परमार की स्मृति में ऋषभ क्रिएशंस समूह के परमार परिवार के सहयोग से विद्यालय के बच्चों के सुविधार्थ वाटर प्लांट प्रदान किया। संघ के अध्यक्ष नरेश राठौड़ व मंडल के कप्तान संजय छाजेड के नेतृत्व में संघ व मंडल के सदस्यों ने समारोह में शिरकत करते हुए राष्ट्रीय पर्व को सार्थक किया और शिक्षा सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही।


चेन्नई के जयगोपाल गारोदिया विवेकानंद विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ध्वजारोहण ग्रुप कैप्टन टीएन श्रीधर ने किया। वरिष्ठ प्रिंसिपल जी विजयकुमार ने सभी का स्वागत किया वहीं प्रिंसिपल एम उमा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।


होसुर के तुलसी टावर में स्वतंत्रा दिवस के मौके पर तमिलनाडु पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष पारसमल सीरवी के नेतृत्व में राष्ट्रीय ध्वज को फहराया गया। कृष्णागिरी जिले के पतंजलि योग समिति के योगसाधक ने राष्ट्रगान गाकर सबको मिठाई बांटी।


ऑल इंडिया स्थानकवासी जैन कांफ्रेंस,नई दिल्ली एवम तमिलनाडु प्रांतीय जैन कांफ्रेंस के आशीर्वाद से तमिलनाडु प्रांतीय युवा शाखा द्वारा 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडारोहण कर संतों के दर्शन एवं जीवदया के कार्य किए गए। साहुकारपेट के मदर टेरेसा अनाथालय में ध्वजारोहण किया गया और बच्चों को सहायता दी गई। वेपेरी गौशाला में श्रेणिकराज अनिल अरिहंत जनक कांकरिया परिवार के सहयोग से गायों को चारा आदि दिया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष विमल खाबिया, अभय कोठारी, प्रमुख मार्गदर्शक हरीश खारीवाल, युवा अध्यक्ष आनंद बालेचा युवा महामंत्री मनीष रांका, मंत्री नवीन खारीवाल आदि उपस्थित थे।


कोयम्बटूर के जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के भवन में राष्ट्र ध्वज फहरा कर स्वंत्रतता दिवस मनाया गया। मुनिश्री मुक्तिप्रभसागरजी, गणवर्य श्री मनीषप्रभसागरजी, मुनिश्री मतिषप्रभसागरजी म. सा. के सान्निध्य में संघ के पदाधिकारियों ने ध्वजारोहण किया।


चेन्नई के वेपेरी स्थित गुरु शांति विजय जैन विद्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस के मौके सचिव डॉ. ज्ञान जैन ने ध्वजारोहण किया। प्राचार्य वी. उमा माहेश्वरी ने सभी का स्वागत किया। अध्यापिकाओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत गानों की प्रस्तुति दी गई।


चेन्नई के साहुकारपेट के बादल चंद सायर चंद चोरडिया जैन विद्यालय में ध्वजारोहण गत 31 वर्षों से स्कूल में सेवा दे रहे मुन्ना स्वामी ने किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा उनका सम्मान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के पत्राचारक सुरेश चंद चोरडिया, अजय चोरडिया, सुमेर चंद चोरडिया, प्रधानाध्यापिका मालिनी तथा विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता संग्राम में जैनों का बहुआयामी योगदान : डॉ. दिलीप धींग

चेन्नई। शसुन जैन कॉलेज में जैनविद्या विभाग के शोध-प्रमुख साहित्यकार डॉ. दिलीप धींग ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन राजनीतिक दासता से मुक्ति के साथ ही सांस्कृतिक दासता से मुक्ति का आंदोलन भी था। श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन संघ द्वारा यहां कोरुक्कुपेट स्थित ओसवाल गार्डन में आयोजित स्याद्वाद व्याख्यानमाला के दूसरे दिन मंगलवार को उन्होंने कहा कि आजादी की आहुति में जैनों ने तन, मन, धन और जीवन अर्पित किया। अनेक जैन संतों, विद्वानों, पत्रकारों और महिलाओं ने भी स्वतंत्रता संग्राम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। देशभक्तों को आर्थिक सहयोग देने में जैन सदैव अग्रणी रहे। राजस्थान के प्रथम शहीद अमरचंद बांठिया ने रानी लक्ष्मीबाई को धन दिया और देश के लिए प्राणों की बाजी भी लगा दी। डॉ. धींग ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी द्वारा अहिंसा के प्रयोग जैन दर्शन से ही प्रेरित थे, जिन्हें पूरी दुनिया में लोकतांत्रिक प्रतिरोध के रूप में मान्यता मिली। जातिवाद, छुआछूत और सामाजिक कुरीतियों को मिटाने में भगवान महावीर के दर्शन का सबल आधार मिला। उन्होंने कहा कि स्वाधीनता संग्राम में जैनों ने बहुआयामी और ऐतिहासिक योगदान किया। प्रणत धींग ने डॉ. धींग की कविता कम खाना, गम खाना, नम जाना' सुनाई तो सभा हर्ष ध्वनि से गूंज उठी। स्वाध्यायी अशोक रांका ने आगम का स्वाध्याय किया। अध्यक्ष गौतम श्रीमाल ने बताया कि हर पूनम अमावस को संघ में सामूहिक नवकार जाप होता है।


चेन्नई के रायपुरम् स्थित जीके जैन विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम मे मनाया गया। प्रबंधन समिति की ओर से जैन शिक्षण संघ के पदाधिकारियों ने ध्वजारोहण किया। बच्चों द्वारा रंगारंग देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।


चेन्नई के साहुकारपेट स्थित एसएस जैन संघ के तत्वावधान में साध्वीश्री धर्मप्रभाजी व साध्वीश्री स्नेहप्रभाजी के सान्निध्य में संघ के अध्यक्ष अजीतराज कोठारी, कार्याध्यक्ष महावीरचन्द सिसोदिया और अन्य सदस्यों की उपस्थित में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ध्वजारोहण किया।


चेन्नई में सिवांची मद्रास जैन संघ द्वारा सिवांची जैन भवन के शीर्ष मंजिल पर ध्वजारोहण किया गया। सभी उपस्थितों ने तिरंगे को सलामी दी। अध्यक्ष जयंतीलाल बागरेचा ने देश प्रेम की भावना के गीत और गजलों के माध्यम से प्रस्तुति दी। संघ के बच्चों ने विभिन्न देश भक्तों की वेशभूषा के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।


कोयम्बटूर की वर्धमान जैन सेवा संघ(कोयंबटूर) द्वारा 77वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह में संघ के महासचिव विक्रम छाजेड के नेतृत्व में संघ सदस्यों व स्थानीय जनों की उपस्थिति में उपनगर ओराट्टूकुप्पै के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।संघ के सिद्धार्थ जैन व अन्य सदस्यों ने विद्यालय के विद्यार्थियों को आयोजन के उपलक्ष में मिठाइयां व पठन पाठन सामग्री वितरित की। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।


चेन्नई महानगर के साहुकारपेट क्षेत्र के समुद्र मुदली स्ट्रीट खेतेश्वर भवन में राजपुरोहित ट्रस्ट चेन्नई द्वारा दंडी स्वामी देवानंदजी महाराज और कथा वाचक भागवत भूषण आचार्य अवधेश मिश्र ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया इस अवसर पर श्री राजपुरोहित ट्रस्ट चेन्नई के सभी ट्रस्ट पदाधिकारियों के अलावा समाज बन्धु मौजूद थे।


चेन्नई के एजी जैन नर्सरी एवं प्राइमरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मारवाड़ी युवा मंच चेन्नई मेट्रो के अध्यक्ष राजेश सुराणा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तम सोलंकी उपस्थित थे। विद्यालय के छात्रों ने हिंदी एवं तमिल में स्वतंत्रता संग्राम में वीर सपूतों के बलिदानों की चर्चा एवं महिमा मंडन किया। पत्राचारक गौतम चंद गोठी, सचिव उत्तम चंद बोहरा एवं विद्यालय प्रबंध समिति के सम्मानित सदस्य गण उपस्थित थे।

# विष्णु सहस्रनाम जाप



तिरुपुर। दादी परिवार द्वारा हर वर्ष कि भांति इसवर्ष भी श्रावण मास की अमावस्या के दिन गणेश मन्दिर मे रायपुरम तिरुपुर पण्डित सुनिल दाधीच द्वारा श्री विष्णु सहस्रनाम तुलसी समर्पण (भगवान विष्णु के 1008 नाम पर तुलसी के 1008 पत्ते भगवान विष्णु को समर्पित) किया गया। उसके उपरांत कार्यक्रम मे आये सभी भक्तों ने भगवान विष्णु कि आरती की एवं दादी परिवार की ओर से सभी भक्तों को महाप्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम मे करीब एक सौ के उपर भक्तों ने भाग लिया। दादी परिवार की अध्यक्ष शीला शाह सहित सरोज पित्ती, सुमन गुप्ता, वीरा कामदार, सरिता तुल्सयान, मनीषा अग्रवाल, चंदा डिडवानिया, मीनाक्षी सरावगी आदि ने भाग लिया।

# श्याम बाबा के दर्शन मात्र से ही जीवन में सुख शांति के भंडार भर जाते हैं : भगत हजारीलाल इंदौरिया



चेन्नई। स्थानीय श्री अग्रवाल सभा चेन्नई द्वारा एवम श्री श्याम सत्संग ट्रस्ट के सहयोग से स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर श्याम बाबा के भजन कीर्तन का आयोजन एसआरकेके अग्रवाल सभा भवनमें आयोजित किया गया। दुल्हन की तरह सजाये गए भवन में जब श्याम बाबा का दरबार सजा व जब संगीत मय स्वर लहरियों पर भजन मंडलियों ने अपनी भजनों की प्रस्तुति शुरू की तब पूरा हाल श्याम बाबा के जयकारों से गुंजायमान हो गया। राजस्थान के सूरतगढ़ धाम से श्याम बाबा के भगत एवं भजन गायक हजारीलाल इंदौरिया ने अपने भजनों के माध्यम से बताया कि जिस किसी पर भी बालाजी की कृपा हो जाती है वह फर्श से उठकर अर्श तक पहुंच जाता है। श्याम बाबा के दर्शन मात्र से ही जीवन में सुख शांति के भंडार भर जाते हैं। वह भी बहुत ही कम समय में उन्होंने कहा कि भवन में बैठे हुए कई लोग इसके जीवंत उदाहरण है। भगवान बालाजी के दरबार में मत्था टेकने वाले सच्ची श्रद्धा रखने वालो की सभी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती है और यही कारण है कि बालाजी के दरबार में प्रतिदिन लाखों भक्त शीश नवाते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार खाटू श्याम के अपार शक्ति एवम क्षमताओं से प्रभावित होकर श्री कृष्ण ने इन्हें कलयुग में अपने नाम से पूजे जाने का वरदान दिया था। कार्यक्रम में भजन गायक इंदौरिया के अलावा रवि शर्मा, राजेश शर्मा, मनोज तथा जस्सी सैनी ने भी अपने भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोहा। कार्यक्रम में अग्रवाल सभा भवन तथा श्याम सत्संग ट्रस्ट के पधाधिकारी गण उपस्थित रहे।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.